आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 16 अंक 243 ● कटनी ● शुक्रवार, 7 अक्टूबर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आश्विन शुक्ल पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## दशहरे पर कर्नाटक के मदरसे में घुसी भीड़

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के बीदर जिले में दशहरा रैली में भाग ले रहे कुछ लोग एक पुराने मदरसे में घुस गए। यहां पर इन लोगों ने नारेबाजी की और मदरसे के एक कोने में पूजा भी की। इस मामले में पुलिस ने 9 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

## गोला फटने से दो सैनिकों की मौत, एक घायल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** झांसी के बबीना कैंट फील्ड फायरिंग रेंज में युद्ध अभ्यास के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। इस दौरान यहां गोला फटने से दो सैनिकों की मौत हो गई है, जबकि एक सैनिक घायल हो गया। घायल सैनिक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# उत्तरकाशी में हिमस्खलन में फंसे 19 पर्वतारोहियों की मौत

## हेलीकॉप्टर से वापस लाए जा रहे शव



उत्तरकाशी, एजेंसी। हिमस्खलन हादसे के तीसरे दिन रेस्क्यू टीमें घटनास्थल पर पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 19 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। अब तक कुल 19 पर्वतारोहियों के शव निकाल लिए गए हैं। क्षेत्र में बर्फबारी शुरू होने के कारण गुरुवार दोपहर के बाद हवाई रेस्क्यू रोक दिया गया है। लेकिन मौके पर मौजूद टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं। नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनेरिंग (निम) के रजिस्ट्रार विशाल रंजन ने बताया कि गुरुवार सुबह वायुसेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और हाईएल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल, गुलमर्ग, कश्मीर की टीमें हिमस्खलन वाले स्थान तक पहुंचने में कामयाब हो गईं। टीमों ने मौके से 19 पर्वतारोहियों के शव बरामद कर लिए। जबकि, 10 लापता पर्वतारोहियों की तलाश की जा रही है। अब तक मिले 19 शवों में से दो निम के प्रशिक्षक और 17 प्रशिक्षुओं के हैं। डीएम अभिषेक रुहेला ने इसकी पुष्टि की है। सभी पर्वतारोहियों के शव डोकरानी बामक एडवांस बेस कैंप में लाए गए हैं। हवाई रेस्क्यू शुरू होने पर इन्हें उत्तरकाशी लाया जाएगा। दोपहर बाद रोका हवाई रेस्क्यू डीएम अभिषेक रुहेला ने बताया कि गुरुवार दोपहर बाद द्रौपदी डांडा क्षेत्र में हल्की बर्फबारी शुरू हो जाने से हेलीकॉप्टरों से किया जा रहा रेस्क्यू रोक दिया गया है। एसपी अर्पण यदुवंशी ने बताया कि शुक्रवार को मौसम ठीक रहने पर ही फिर से हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू की उम्मीद है। हालांकि घटनास्थल पर रेस्क्यू टीमें लापता पर्वतारोहियों की तलाश में जुटी हुई हैं। लापता पर्वतारोहियों के परिजन निम से नाराज मातली हैलीपैड पर पहुंचे लापता पर्वतारोहियों के परिजनों ने जिला प्रशासन और निम प्रशासन पर ठीक-ठीक जानकारी नहीं देने का आरोप लगाया। हरियाणा से पहुंचे हरि प्रकाश का कहना था कि जब मौसम खराब होने की चेतावनी थी तो लोगों को पर्वतारोहण के लिए क्यों भेजा गया। घायल को एम्स में भर्ती कराया जिला अस्पताल में भर्ती हादसे का घायल प्रशिक्षु रोहित भट्ट को गुरुवार को डॉक्टरों ने एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया है। बाकी घायलों का जिला अस्पताल में ही उपचार चल रहा है। निम के प्राचार्य रहे कर्नल (रिटायर) अजय कोठियाल का कहना है कि हिमस्खलन की चपेट में आए पर्वतारोहियों को सुरक्षित बचाने के प्रयास कठिन होते जा रहे हैं। कोठियाल ने कहा कि अब तक बचाव दल को एक भी घायल नहीं मिला है। इसका मतलब यह है कि या तो वो गंभीर रूप से घायल होकर एक ही स्थान पर बेबस पड़े हैं या फिर क्रेवास में फंसे हुए हैं। ऐसी स्थिति में बर्फबारी उन्हें और ढक सकती है। दोपहर बाद जैसे ही प्रशासन की ओर से बर्फबारी के कारण हवाई रेस्क्यू रोकने की सूचना दी गई, उत्तराखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश से पहुंचे परिजन निराश हो गए। कुछ परिजन तो फूट-फूट कर रोने लगे। परिजनों को उम्मीद थी कि, हवाई रेस्क्यू शुरू होने के बाद उनके अपने जिस भी हाल में होंगे, मिल जाएंगे।

## हैदराबाद से पंजाब तक 35 ठिकानों पर छापे

### दिल्ली के शराब घोटाले में ईडी की कार्यवाही

**नई दिल्ली , ईएमएस।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शराब घोटाले में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) छापेमारी कर रहा है। दिल्ली के अलावा हैदराबाद, पंजाब में 35 ठिकानों पर केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने रेड मारी है। इस केस में पहले भी सीबीआई और ईडी ने छापेमारी की है, जिसमें दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर और बैंक लॉकर की तलाशी भी शामिल है। शराब घोटाला केस में विजय नायर और समीर महेंद्रू को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि विजय नायर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस मामले की जांच अहम स्टेज पर है। इसलिए हमें आरोपी की रिमांड दी जाए। यहां कोर्ट ने रिमांड अवधि को बढ़ा दिया है। छापेमारी की खबर आते ही दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने इस केस में मुख्य आरोपी बनाए गए अपने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को क्लीनचिट देते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।केजरीवाल ने कहा कि सिसोदिया के खिलाफ अब तक कोई सबूत नहीं मिला है, क्योंकि उन्होंने कुछ किया नहीं है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, च्ज्500 से ज्यादा रेड, 3 महीनों से सीबीआई- ईडी 300 से ज्यादा अधिकारी 24 घंटे लगे हुए हैं- एक मनीष सिसोदिया के खिलाफ सबूत ढूंढने के लिए। कुछ नहीं मिल रहा। क्योंकि कुछ किया ही नहीं। अपनी गंदी राजनीति के लिए इतने अधिकारियों का समय बर्बाद किया जा रहा है।

## रुपए में ऐतिहासिक गिरावट




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मुद्रा रुपया आज ऐतिहासिक निचले स्तर पर गिर गया है और रुपए ने इतिहास में पहली बार ओपनिंग में डॉलर के मुकाबले 82 का स्तर भी तोड़ दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रुपया आज शुरुआती कारोबार में 82.22 रुपया प्रति डॉलर के स्तर पर आ चुका है और इसमें 33 पैसे या 0.41 फीसदी की जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई है। गौरतलब है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों के बीती रात दिए गए बयानों के बाद डॉलर की कीमत में उछाल देखा जा रहा है। गौरतलब है कि इस वित्तीय वर्ष में भारतीय रुपए में 10 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट देखी गई है और ये साल 2022 में 10.60 फीसदी टूट चुका है। गौरतलब है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के लगातार ब्याज दरों के बढ़ाने के कारण डॉलर मजबूत हो रहा है और इसके चलते इमर्जिंग मार्केट्स की करेंसी के साथ भारतीय रुपए में भी गिरावट देखी जा रही है। इसके अलावा तेल आयात में डॉलर की भारी मांग और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की बढ़ती आशंकाओं का भी भारतीय करेंसी रुपए पर नकारात्मक असर देखा जा रहा है। कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर इंडेक्स में मजबूती से अमेरिकी करेंसी के मुकाबले रुपया गुरुवार को 55 पैसे गिरकर 82.17 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था।

## 53000 तक जा सकता है सोना



**नई दिल्ली,एजेंसी।** वैश्विक बाजार में तेजी और रुपये में गिरावट के बीच सोने के भाव आसमान छू रहे हैं। अगर आप धनतेरस और दिवाली के मौके पर सोना-चांदी खरीदना चाहते हैं तो अभी खरीदना अधिक मुफीद होगा। क्योंकि, दिवाली तक सोना 53000 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव 65000 रुपये प्रति किलो तक जा सकता है। ऐसा मार्केट के जानकारों का अनुमान है। सोना-चांदी के भाव में उछाल की 5 वजह है। केडिया कमोडिटीज के प्रमुख अजय केडिया सोने की तेजी का पहला कारण डॉलर इंडेक्स और बांड यील्ड में गिरावट शुरू होने को बता रहे हैं। दूसरा कारण के रूप में केडिया कहते हैं कि केंद्रीय बैंक अगर इसी तरह ब्याज दरें बढ़ाते रहे तो दुनिया को मंदी का सामना करना पड़ सकता है। इस भय की वजह से लोग सुरक्षित निवेश के रूप में सोने को तरजीह दे रहे हैं। तीसरी वजह रूस-यूक्रेन युद्ध है। केडिया के मुताबिक भारत में सोने के रेट में उछाल का चौथा सबसे बड़ा कारण प्रीमियम 1 डॉलर है जबकि, चीन, इंडोनेशिया और तुर्की में 35 से 40 डॉलर है। यह बताता है कि सोने की सप्लाई में कमी है। पांचवां कारण चीन और भारत में फेस्टीव सीजन के चलते सोने की बढ़ती मांग है। एक तरफ सप्लाई में कमी और दूसरी तरफ मांग बढ़ने की वजह से सोने के रेट में अभी और तेजी देखने को मिलेगी। जबकि, चांदी सोने से अधिक रिटर्न दे सकता है।

## कोच्चि तट पर ईरानी नाव से 200 किलो हेरोइन जब्त



### मुंबई एयरपोर्ट पर 80 करोड़ की ड्रग बरामद

**मुंबई, एजेंसी।** एनसीबी और भारतीय नौसेना ने कोच्चि कोस्ट पर एक बड़े ऑपरेशन को अंजाम दिया है. इस दौरान एक ईरानी नाव से ड्रग्स की बड़ी खेप बरामद की गई है. इस ऑपरेशन में वोट पर सवार लोगों को भी हिरासत में ले लिया गया है. एनसीबी ने बयान जारी करते हुए कहा है कि इंडियन नेवी के साथ एक संयुक्त अभियान के जरिए कोच्चि तट से एक ईरानी नाव से 200 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन जब्त की है। एनसीबी के मुताबिक नाव पर सवार 6 क्रू मेंबर्स को हिरासत में लिया गया है। वहीं इससे डीआरआई ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 80 करोड़ रुपए से ज्यादा की कीमत की 16 किलो हाई क्वालिटी हेरोइन बरामद की। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर एक यात्री को बुधवार को रोका गया और उसके सामान की तलाशी ली गई। डीआरआई मुंबई के मुताबिक आरोपी ने ड्रग्स को छुपाने के लिए ट्रॉली वैग में एक फेक कैविटी बना दी थी। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



## 25 हजार से ज्यादा मंदिरों में दिखाया जाएगा महाकाल लोक का लोकार्पण

**भोपाल यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अक्टूबर को उज्जैन दौरे पर आ रहे हैं। यहां वह श्री महाकाल लोक का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा, जिसे प्रदेश के सभी मंदिरों में टीवी स्क्रीन लगाकर श्रद्धालुओं को दिखा जाएगा। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने सभी जिला कलेक्टरों को इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में 25 हजार से ज्यादा छोटे-बड़े मंदिर हैं, जिनमें इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने के लिए शासन के आदेश के मुताबिक टीवी स्क्रीन की व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की भी तैयारी है।विभाग के अपर मुख्य सचिव डा.राजेश राजौरा ने बताया कि श्री महाकाल लोक के लोकार्पण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाएं की जा रही हैं। ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में स्थित सार्वजनिक मंदिरों की साफ-सफाई मंदिर प्रबंधन समिति और पुजारियों के सहयोग से की जाएगी।

### सीएम शिवराज संग कई मंत्रियों ने लगाई श्रीमहाकाल लोक की डीपी

मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन में श्रीमहाकाल लोक के सात दिवसीय उत्सव की शुरुआत के साथ ही उज्जैन समेत समूचे प्रदेश में श्री महाकाल लोक के लोकार्पण की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रीमहाकाल लोक की डीपी और बैनर फोटो पोस्ट की। इसके बाद प्रदेश में लोगों ने उक्त फोटो अपनी प्रोफाइल और कवर फोटो पर लगाना शुरू कर दिया।

## ऐसे तड़पा कर मत मारो चाहे जान से मार दो

### चोरी के शक में खंभे से बांधकर पीटे जाने वाला नाबालिग बोला



**छतरपुर ,ईएमएस।** छतरपुर इलाके में एक नाबालिग को चोरी के शक में खंभे से बांधकर पीटा गया। नाबालिग लगातार बोलता रहा कि ऐसे तड़पा कर मत मारो चाहे जान से मार दो। फिलहाल पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया है। बता दें कि मामला छतरपुर जिले के लवकुश नगर थाना क्षेत्र के परसनिया गांव का है। पास के गांव बगमऊ के रहने वाले 14 वर्षीय लड़के को कुछ लोगों ने चोरी के शक में पकड़ा था। उसे सजा देने के लिए पहले तो खंभे से बांध दिया फिर घंटों तक पीटते रहे। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें नाबालिग खंभे से बंधा और पिटता नजर आ रहा है। नाबालिग के मुंह और नाक से खून बह रहा था, और वह गुहार लगा रहा था कि मुझे छोड़ दो। मामले में लवकुश नगर के थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के कुछ लोग दो दिन पहले एक नाबालिग लड़के को पकड़ कर थाने लाए थे लेकिन दोनों के बीच राजीनामा हो गया था इसीलिए फिर मामले में किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हुई। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे मारपीट के वीडियो के बाद भी कार्रवाई न होना चर्चा का विषय बना हुआ है।

## एक्टर अरुण बाली का 79 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 79 साल के एक्टर अरुण बाली का शुक्रवार को मुंबई में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से बीमार थे। परिवार के मुताबिक, वे न्यूरोमस्कुलर बीमारी से जूझ रहे थे। इससे उन्हें बोलने में परेशानी होती थी।अरुण का जन्म लाहौर में 1942 में हुआ था। उन्होंने 90 के दशक में अपने करियर की शुरुआत की। अरुण ने राजू बन गया जेंटलमैन, खलनायक, फूल और अंगारे, आ गले लग जा, पुलिसवाला गुंडा, सबसे बड़ा खिलाड़ी, सत्या, हे राम, ओम जय जगदीश, लगे रहो मुन्ना भाई, बर्फी, एयरलिफ्ट, रेडी, बागी 2, केदरनाक और पानी जैसी फिल्मों में काम किया है। वे कई टीवी सीरियल्स में भी नजर आ चुके हैं। उनकी आखिरी फिल्म लाल सिंह चड्ढा थी।



## दामाद को चप्पलों की माला पहनाकर डीजे की थाप पर निकाला जुलूस

### ससुर और साले पर FIR

**नर्मदापुरम, ईएमएस।** मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम के इटारसी से 20 किमी दूर आदिवासी गांव टांगना में दामाद को अर्धनग्न कर जूते-चप्पल की माला पहनाकर जुलूस निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित के साले और ससुर ने ग्रामीणों के साथ मिलकर उसे यह तालिबानी सजा दी। घटना तीन दिन पहले 4 अक्टूबर की रात की है। नर्मदापुरम जिले के माखन नगर के सेंधरवाड़ा गांव में रहने वाले विवेक इवने (30) की शादी इटारसी थाने के पथरोटा क्षेत्र में टांगना गांव की सुमन से 8 दिसंबर 2021 को शादी हुई थी। शादी के बाद से उसकी पत्नी नर्सिंग की ट्रेनिंग कर रही है। इसी बीच नर्सिंग कॉलेज की मान्यता रद्द होने की वजह से कॉलेज बंद हो गया था, जिसके कारण पिछले 2 माह से पत्नी मायके चली गई और वहां से वापस नहीं आ रही थी। दो अक्टूबर को विवेक ने फोन करके अपनी पत्नी को ससुराल आने की सूचना दी। मंगलवार रात को विवेक पत्नी को लेने अपनी ससुराल टांगना गांव पहुंचा। यहां ससुराल वालों ने उसे भेजने से मना कर दिया। परिवारजनों का कहना था कि तुम बेटी को ठीक से नहीं रखते हो। इस बात पर विवेक और ससुरालवालों का विवाद भी हुआ। विवेक ने सुमन को भेजने की जब जिद की, तो ससुराल वाले भड़क गए। उसके साले-ससुर ने विवेक के साथ मारपीट कर हाथ बांधकर उसके कपड़े उतार दिए और अर्धनग्न कर गोबर लगाया, जूते-चप्पल की माला पहनाकर डीजे के साथ पूरे गांव में जुलुस निकला।

## भारत जोड़ो यात्रा में राहुल-सिद्दारमैया ने दौड़ लगाई

# भूपेश बघेल बोले-तैयारी करके जाना पड़ेगा

**नई दिल्ली,ईएमएस। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा इन दिनों कर्नाटक में है। गुरुवार को इस यात्रा में कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्धारमैया शामिल हुए थे। वे राहुल गांधी के ठीक बगल में चल रहे थे। फिर अचानक राहुल गांधी ने उनका हाथ पकड़ा और भागना शुरू कर दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।**



वीडियो में देखा जा सकता है कि सिद्धारमैया आते हैं तो राहुल उनका हाथ पकड़कर दौड़ने का इशारा करते हैं। फिर पूर्व सीएम मुस्कुराते हुए राहुल गांधी के साथ कदम बढ़ा देते हैं। कांग्रेस की ओर से शेयर किए गए इस वीडियो पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कमेंट किया है। उन्होंने लिखा कि अब तो तैयारी करके जाना पड़ेगा।अगले साल यानी 2023 में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला बीजेपी से है। यही वजह है कि कांग्रेस यहां दोनों दिग्गज नेता सिद्धारमैया और पूर्व कैबिनेट मंत्री डीके शिवकुमार को समान महत्व दे रही है। कांग्रेस दोनों नेताओं के बीच संबंधों को मजबूत कर कार्यकर्ताओं में एकता का संदेश देने की कोशिश कर रही है।कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 7 सितंबर को केरल से शुरू हुई थी। 30 सितंबर को यात्रा कर्नाटक पहुंची। 21 अक्टूबर तक यात्रा यहां जारी रहेगी। गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी यात्रा में शामिल हुई थीं। उन्होंने राहुल गांधी और कार्यकर्ताओं के साथ पैदल यात्रा की।खराब स्वास्थ्य की वजह से सोनिया लंबे अंतराल के बाद किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुई। यात्रा के दौरान राहुल गांधी जमीन में बैठकर अपनी मां के जूते की लेस बांधते दिखे। अब आज यह यात्रा में प्रियंका गांधी शामिल होंगी।

### बुजुर्ग रेलवे ट्रेक को पार कर रहा था, तभी एक ट्रेन अचानक नजदीक आ गई

# सीसीटीव्ही के कारण मुड़वारा में ट्रेन की चपेट में आने से बचा बुजुर्ग शख्स, वीडियो हो रहा वायरल



**कटनी, यश भारत।** रेलवे स्टेशनों पर ट्रेन की चपेट में आने और हादसे से बचाने का एक वीडियो वायरल हो रहा है। सीसीटीवी ये मामला कटनी का है। कटनी के मुड़वारा रेलवे स्टेशन का है जहां पर एक बुजुर्ग रेलवे ट्रेक को पार कर रहा था, उसी समय ट्रेन बुजुर्ग के नजदीक आ गई. ट्रेन इतनी नजदीक आ चुकी थी कि बुजुर्ग का चपेट में आना लगभग तय था. लेकिन रेलवे ट्रैक पर लगा सीसीटीवी कैमरा बुजुर्ग की जान बचाने में कारगर साबित हुआ। दरअसल, केबिन के पास एक बुजुर्ग रेलवे ट्रेक को पार कर रहा था, तभी एक ट्रेन अचानक नजदीक आ गई. जिसका वीडियो ट्रैक पर लगे सीसीटीवी में दिखाई दिया। ये नजारा देखकर केबिन में ड्यूटी कर रहे रेलवेकर्मी वीरेंद्र कुमार ने कैमरे में देखा। रेलवेकर्मी ने बिना देरी किए अपनी सूझबूझ और जान जोखिम में डालकर बुजुर्ग की जान बचाई। रेलवेकर्मी ने मौके पर जाकर बुजुर्ग को धक्का दिया और उसकी जान बचाई। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो ट्रैक में लगे सीसीटीवी के कैमरे में कैद हो गया।

#### रेलवेकर्मी ने बताया पूरा वाकया

रेलवे के टेक्नीशियन वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह अपनी ड्यूटी पर थे, कंट्रोल रूम में वो सीसीटीवी कैमरों से ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों की जांच कर रहे थे. इसी दौरान मुड़वारा स्टेशन पर केबिन के पास से एक बुजुर्ग रेलवे ट्रैक पार कर रहा था. रेलवेकर्मी ने बुजुर्ग शख्स को आवाज देकर रोकने की कोशिश की लेकिन बुजुर्ग शख्स ने एक बार पलटकर देखा और फिर आगे बढ़ गए। तब तक ट्रेन बहुत नजदीक आ चुकी थी। वीरेंद्र ने बिना देरी किए भागकर बुजुर्ग की जान बचाई। ये पूरी घटना रेलवे ट्रैक पर लगे कैमरे में कैद हो गई।

# बिलासपुर रेलखंड में सभी ट्रेनों का परिचालन शुरू होने से यात्रियों को मिली राहत



**कटनी, यश भारत।** कटनी रेल खंड में अब लगभग सभी ट्रेनों का परिचालन शुरू हो गया। इससे यात्रियों को राहत मिली है। दरअसल ट्रेन बंद होने से आम यात्रियों के अलावा व्यापारी, छात्र और पर्यटक सभी परेशान थे। संसाधन के अभाव में उन्हें बड़ी दिक्कत हो रही थी। पर मंगलवार को इस रूट की सभी ट्रेनों में भीड़ दिखी। यह स्थिति छठ पर्व तक इसी तरह रहेगी। उसके बाद कुछ सामान्य रहेगा और फिर नए वर्ष को भीड़ शुरू हो जाएगी। कटनी सेक्शन में पेंड्रारोड समेत कई प्रमुख स्टेशन है, जहां से सभी वर्ग बिलासपुर या पेंड्रारोड से आगे के लिए यात्रा करते हैं। पर ट्रेन बंद होने से व्यवसाय के अलावा छात्रों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही थी। यात्री लगातार यह मांग कर रहे थे की कुछ ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया जाए, इससे कम से कम दैनिक यात्रियो को तो राहत मिलेगी। इस बीच रेलवे ने केवल कटनी लोकल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया। जबकि 37 ट्रेनें रद थी। यात्रियों की परेशानी को दरकिनार कर रेलवे लगातार कार्य कर रही है। यात्रियों का कहना है कि अधोसंरचना से जुड़े कार्य जरुरी है और यात्री का विरोध भी नहीं करते। पर रेलवे को कोई काम योजनाबद्ध तरीके से करना चाहिए। लेकिन रेलवे में लगातार इसका अभाव दिख रहा है। इस सेक्शन में पिछले कई दिनों से केवल गिनती की ट्रेनें चल रही थी। पर पहले की तरह सभी ट्रेनें चलने लगी है। पहले ही दिन यात्रियों के चेहरे में राहत दिखी। मालूम हो की इसे सेक्शन प्रमुख मंदिरों के अलावा पर्यटन स्थल भी है। जहां लोग बड़ी संख्या में आवाजही करते हैं। भनवारटंक स्थित मरहीमाता मंदिर दर्शन करने के लिए जाने में रेलमार्ग ही सबसे सुविधाजनक है। सड़क मार्ग तो इतनी जर्जर है की गाड़ियां चल ही नहीं सकती। पैदल चलने के अलावा कोई दूसरा विकल्प ही नहीं है। मुख्य मार्ग से मंदिर दूर है। इसलिए पैदल चलने में भी श्रद्धालुओं का हाल बेहाल हो जाता है। अमरकंटक जाने वाले पेंड्रारोड रेलवे स्टेशन से उतरकर जाते हैं। पर ट्रेन के बिना केवल परेशानियां ही हो रही थीं।

# विधिक सेवा प्राधिकरण के भंडारे में श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद




**कटनी,यश भारत।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार अग्रवाल अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी तथा सचिव दिनेश कुमार नोटिया के निर्देशानुसार व अनुज चंसोरिया एवं पीएलवी सदस्य प्रीति सेन के मार्गदर्शन में विजयदशमी के पावन पर्व परविशाल भंडारे का कार्यक्रम आज़ाद चौक में आयोजित किया गया जिसमे बाहर से आई ग्रामीण जनता को भंडारा प्रसाद करवाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर कटनी प्रीति संजीव सूरी, पूर्व विधायक सुकीर्ति जैन, जिला शिकायत निवारण समिति मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद की प्रतिनिधि एडवोकेट अंजुला सरावगी बजाज, रौनक खंडेलवाल, रामबाबू विश्वकर्मा, एडवोकेट राजेश सिंह, श्याम तिवारी, राजू रजक, पीएलवी सदस्य अक्षय बजाज, श्रीकांत श्रीवास्तव, अंकुश रजक, अमन अग्रवाल, अजय शांडिल्य, आर के बक्शी, हर्ष अग्रवाल,गुड्डा अग्रवाल, सुभाष मालाकार व अन्य का सहयोग प्राप्त हुआ।

# आयोजन कोई बना गांधी तो कोई शास्त्री




**कटनी, यश भारत।** सेक्रेड हार्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जो कटनी शहर के हृदय स्थल पर बसा हुआ है। गत दिवस गांधी जयंती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे विद्यालय के प्राचार्य अभिषेक बनर्जी जी की गरिमामय उपस्थिति रही। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती व गाँधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर वैदिक मंत्रो के साथ आचार्य लेखराम पांडेय ने विधिवत पूजन अर्चन कराया । तत्पश्चात पूर्व प्राथमिक कक्षा के छात्रों द्वारा गांधी जी का आवरण धारण कर सबके समक्ष अपना रूपांतरण प्रस्तुत किया। बच्चों ने भी गांधी और शास्त्री जी का रूप धारण कर खूब वाहवाही बटोरी। विद्यालय शिक्षिका श्रीमती जसप्रीत पाठक ने गांधी जी के बारे मे अपना भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने गाँधी जी के तीन बंदरों के बारे में बच्चों को शिक्षा प्रदान किये। जिसका अर्थ था बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रशासक संतोष द्विवेदी ने जय जवान, जय किसान के नारे लगवा कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष के.एम. गट्टानी, सचिव रामहित सोनी, श्रीकांत गट्टानी, अमित चौदहा एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ का विशेष योगदान रहा।

## जिला चिकित्सालय में लोकायुक्त टीम का छापा, ईएमटी शशिकांत तिवारी को किया ट्रेप, देवगांव के व्यक्ति से मांगी थी रिश्वत




**कटनी,यशभारत।** जिला चिकित्सालय में आज फिर जबलपुर की लोकायुक्त टीम ने छापेमारी की। यहां कार्यालय जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र कटनी के विकलांग बोर्ड के कक्ष क्रमांक 19 में लोकायुक्त पुलिस ने दी दबिश दी। लोकायुक्त की 6 सदस्य टीम ने शशिकांत तिवारी को ट्रैप किया। बताया जाता है कि ईएमटी के पद पर पदस्थ शशिकांत तिवारी ने देवगांव निवासी कश्यप तिवारी से विकलांगता प्रमाण पत्र बनाने के एवज में 10 हजार रुपए की मांग की थी। इस मामले में लोकायुक्त की बाबू शशिकान्त तिवारी को गिरफ्तार करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डिजिलॉकर का कटनी वासियों ने किया बेहतर उपयोग, प्रदेश में प्रशंसा

**कटनी, यश भारत।** जिला पंचायत सभागार में रविवार को स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वामित्व योजना अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को डिजीलॉकर के माध्यम से अधिकार अभिलेख वितरण किया गया। डिजीलॉकर का उपयोग कर अधिकार अभिलेख वितरित करने वाले कटनी मध्यप्रदेश का पहला जिला है। तहसील कटनी नगर के कुल 10 हितग्राहियों को अभिलेख का वितरण किया गया। इस दौरान बताया गया कि स्वामित्व योजना अंतर्गत जिले की समस्त तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों के कुल 56 हजार पांच सौ 53 हितग्राहियों को अब तक स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया जा चुका है। कटनी के 17 ग्रामों में 1334 भूखण्ड, कटनी नगर अंतर्गत 20 ग्रामों के 1941 भूखंड, विजयराघवगढ़ के 43 ग्रामों में 3091 भूखंड, बरही के 33 ग्रामों के 8103 भूखंड, बड़वारा के 92 ग्रामों के 3213 भूखंड, रीठी के 104 ग्रामों के 13845 भूखंड , बहोरीबंद के 123 ग्रामों के 12597 भूखंड, स्लीमनाबाद के 61 ग्रामों के 4176 भूखंड एवं




ढीमरखेड़ा के 66 ग्रामों के 8253 भूखंडों के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है।


#### जनता का भविष्य सुरक्षित

कार्यक्रम में विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता के भविष्य को सुरक्षित करने एवं भविष्य की अनिश्चितता को दूर करने के उद्देश्य से हमारी सरकार द्वारा स्वामित्व योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जहां-जहां शिविर आयोजित हो रहे हैं उनमें प्राप्त आवेदनों का निराकरण हो रहा है या नहीं उस पर समय-समय पर समीक्षा बैठक का आयोजित कर प्रकरणों का तीव्र निराकरण करें। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा ने हितग्राहियों को शिविरों में पहुचंकर लाभ लेने की बात कही।

#### 37 योजनाएं अभियान में शामिल

एडीएम रोमानुस टोप्पो ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अभियान के तहत 12 विभागों की 37 योजनाओं को शामिल किया गया है। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, पूर्व महापौर शंशाक मिश्रा, मंडल अध्यक्ष संदीप दुबे, संयुक्त कलेक्टर साधना परस्ते, एसडीएम प्रिया चंद्रावत, अधिकारी-कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित रहे।

नीरज सिनेप्लेक्स में




ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 07 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
टिकट दर
बालकनी क्लास- 80/- लोवर क्लास-50/-

# सबसे कम समय में मुंबई पहुंचाएगी नई ट्रेन

**कटनी,यशभारत।** दिवाली, छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लीयर करने के उद्देश्य से लोकमान्य तिलक टर्मिनस-समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस के मध्य द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01043/01044 चार-चार ट्रिप लगाएगी. यह गाड़ी इटारसी से होकर जाएंगी। चूंकि इसके स्टाप कम हैं इसलिए अन्य ट्रेनों की अपेक्षा मुंबई का सफर ये कम समय में तय करेगी।

गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 20, 23, 27 एवं 30 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान करेगी- गाड़ी संख्या 01043 एलटीटी से समस्तीपुर एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 20, 23, 27 एवं 30 अक्टूबर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 12.15 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन इटारसी से 00.30 बजे, पिपरिया से 01.42 बजे, जबलपुर से 04.40 बजे, कटनी से 07.05 बजे, मैहर से 07.44 बजे, सतना से 08.30 बजे प्रस्थान कर, 21.15 बजे समस्तीपुर स्टेशन पहुँचेगी। तीसरे दिन 07.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी- गाड़ी संख्या 01044 समस्तीपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्प्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 21, 24, 28 एवं 31 अक्टूबर 2022 को समस्तीपुर स्टेशन से 23.30 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना से 12.15 बजे, मैहर से 12.52 बजे, कटनी से 13.45 बजे, जबलपुर से 15.35 बजे, पिपरिया से 18.00 बजे, इटारसी से 20.05 बजे प्रस्थान कर, तीसरे दिन 07.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन पहुँचेगी।

# अब नागपुर की बजाय अमरावती तक चलेगी जबलपुर-नागपुर एक्सप्रेस

#### मरीजों की सुविधा के लिए रेलवे ने लिया निर्णय

**कटनी, यशभारत।** उपचार कराने नागपुर जाने वाले यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने जबलपुर से नागपुर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को पुनः अमरावती तक चलाने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर-अमरावती-जबलपुर ट्रेन को वर्तमान में केवल नागपुर तक ही चलाया जा रहा था। अब गाड़ी संख्या 12160/12159 जबलपुर-अमरावती-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन 07 अक्टूबर से प्रतिदिन जबलपुर से अमरावती के बीच चलेगी। रेलवे के मुताबिक अब इस ट्रेन की कुछ रेलवे स्टेशनों की समय सारणी में आंशिक परिवर्तन रहेगा। गाड़ी संख्या 12160 जबलपुर से अमरावती एक्सप्रेस ट्रेन 7 अक्टूबर से प्रतिदिन जबलपुर से रात्रि 21:20 बजे प्रस्थान कर पांढुर्ना 04:13 बजे अपनी निर्धारित समय-सारणी के अनुसार पहुंचेगी। नागपुर में आंशिक बदलाव रहेगा। अब यह गाड़ी नागपुर प्रातः 06:25 बजे पहुंचेगी। इसके आगे की समय सारणी के अंतर्गत सिन्दी 07:09 बजे, वर्धा 07:30 बजे, पुलगांव 07:45 बजे, धमनगांव 08:15 बजे और अमरावती 09:50 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में 12159 अमरावती से जबलपुर ट्रेन 8 अक्टूबर से प्रतिदिन अमरावती से 16:45 बजे प्रस्थान कर धमनगांव 17:38 बजे, पुलगांव 17:54 बजे, वर्धा 18:23 बजे, सिन्दी 18:49 बजे पहुंचेगी। नागपुर से लेकर बैतूल तक के समय में परिवर्तन किया गया है। अब यह ट्रेन नागपुर 21:45 बजे के स्थान पर अब 19:35 बजे पहुंचेगी। इसके आगे पांढुरना 20:58 बजे, अमला 21:55 बजे, बैतूल 22:15 बजे पहुंचकर इटारसी अगले दिन निर्धारित समय सारणी के अनुसार 02:30 बजे ही पहुंचेगी और जबलपुर प्रातः 06:55 बजे जबलपुर पहुंचेगी।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 07 से
दोपहर 12.45, 3.15,7 एवं रात्रि 9.45 बजे से



विक्रम वेधा
कलाकार- रितिक रोशन, सैफअली खान, राधिका आप्टे, रोहित सराफ आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 12.15 एवं सायं 6.30 बजे से




PS-1
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, विक्रम जयम रबि, प्रभु आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 07 से
दोपहर 3.45 एवं रात्रि 10 बजे से




गॉडफादर
कलाकार- चिरंजीवी, नयनतारा, सलमान खान, सत्यदेव आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# कायम रही मिनी दशहरे की परम्परा

## चल समारोह से अलग हटकर समितियों ने निकाला जुलूस, एक सैकड़ा से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन





**कटनी, यशभारत।** शहर में दशहरा चल समारोह के दूसरे दिन मिनी दशहरे की परम्परा इस बार भी कायम रही और एक बार फिर शहर की दुर्गोत्सव समितियों ने दशहरा के दूसरे दिन दुर्गा प्रतिमाओं का विर्सजन किया। शहर के अलग-अलग स्थानों में रखी दुर्गा प्रतिमाओं का विर्सजन कटनी नदी के तीनों घाटों गाटरघाट, मसुरहाघाट और मोहनघाट में श्रद्धा और भक्ति के बीच किया गया। इस दौरान झण्डा बाजार से आजाद चौक तक के बीच मिनी दशहरे जैसा माहौल नजर आया।

सड़कों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं के दर्शनार्थ दशहरे जैसी तो नहीं लेकिन फिर भी भीड़-भाड़ थी। कोई घरों के बारजों से तो कोई घर के सामने खड़े होकर दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन कर रहा था। डीजे साउण्ड में बज रहे गीतों की मधुर धुन पर दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारी थिरकते हुए चल रहे थे। आलम यह रहा कि झण्डा बाजार से लेकर आजाद चौक के बीच दो दर्जन से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं दशहरे के रूप में ही धीमी गति से आगे की ओर आगे बढ़ रही थी। शाम से लेकर देर रात तक यह रास्ता जाम रहा और लोगों को परेशानियों से दो-चार होना पड़ा। कल ही माधवनगर में दशहरा चल समारोह के कारण पुलिस बल वहां डयूटी में तैनात रहा, जिसके चलते शहर में कुछेक चौराहों में ही पुलिस बल तैनात रहा। शांति समिति की बैठकों में दुर्गा प्रतिमाओं के विर्सजन के लिए एक दिन (दशहरा) निर्धारित किये जाने के बावजूद शहर में पिछले कुछ वर्षों से दशहरा के दूसरे दिन प्रतिमाओं का विर्सजन किये जाने की प्रथा अब एक परम्परा का रूप लेती जा रही है। कल कटनी नदी के गाटरघाट में बनाए गए कुंड में आधा सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। विर्सजन का सिलसिला शाम से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा।

### दोपहर बाद शुरू हो गया था विसर्जन का सिलसिला, कटनी नदी के गाटरघाट में बनाए गए कुंड में सबसे ज्यादा दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जित

### शांति समिति के निर्णयों का नहीं हुआ पालन

शांति समिति की बैठक में दशहरा के दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किए जाने का निर्णय लिया जाता है लेकिन इस पर अमल नहीं होता। न तो प्रशासन निर्णयों का पालन कराने प्रति रूचि दिखाता है और न ही दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारी प्रतिमाओं को जुलूस में शामिल कराने का प्रयास करते हैं। यही कारण है कि साल दर साल दशहरे की रौनक कम होती जा रही है।



# धूमधाम से निकले चंडिका माता के जवारे



### कटनी नदी में महाकाली की प्रतिमा एवं जवारों का अपार श्रद्धा के साथ विसर्जन

**कटनी, यशभारत।** नवरात्र पर्व की नवमी पर शहर में स्थित देवी मंदिरों से जवारा जुलूस निकाला गया और कटनी नदी सहित अन्य घाटों पर जवारों का विसर्जन किया गया। इसी कड़ी में उपनगरीय क्षेत्र कुठला स्थित मां चंडिका मंदिर का जवारा जुलूस उत्साह पूर्वक निकाला गया। क्षेत्र की महिलाएं सिर पर जवारा कलश रखकर चल रहीं थी, वहीं खप्पर और मां महाकाली की जीवंत झांकियों के साथ कलाकार जुलूस को आकर्षक बना रहे थे। चंडिका मंदिर से प्रारंभ जवारा विजर्सन जुलूस कुठला, बस स्टैंड, नदीपार, चांडक चौक होते हुए विजर्सन घाट पहुंचा, जहां महाकाली जी की प्रतिमा और जवारों का विजर्सन अपार श्रद्धा के साथ किया गया। जवारा जुलूस का जगह-जगह स्वागत किया गया। कुठला थाना सहित बस स्टैंड पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का बेहतर इंतजाम कर अपनी सेवाएं दी गई। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। जुलूस में जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों के साथ ही चंडिका नगर वासियों सहित कटनी नगर के श्रद्धालुओ की बड़ी संया में उपस्थिति रही। इस अवसर पर जय मां चण्डिका ट्रस्ट कमेटी के सरंक्षक दिनेश तिवारी, अध्यक्ष राजकुमार परौहा, उपाध्यक्ष दीपक कनकने, मीडिया प्रभारी विनोद दुबे, प्रदीप शुला सचिव, सहसचिव सत्यनारायण गौतम, रामजी चतुर्वेदी सदस्य, सीतासरन दुबे, शिवचरण चतुर्वेदी, लक्ष्मी साहू, रामप्रकाश प्यासी, उमेश गर्ग, लखन साहू, दुर्गेश, बेनी प्रसाद पटेल, मुनींद्र मिश्रा, मनमोहन मिश्रा, मार्तण्ड तिवारी, राजेश तिवारी, सुशील गर्ग, लवलेश मिश्रा, अवध तिवारी, राधाचरण तिवारी, जय मां चण्डिका दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष सौरभ पांडेय सौरी, उपाध्यक्ष सिद्धांत शुक्ला, सचिव अभिषेक तिवारी, कोषाध्यक्ष निखिल चौबे आदि उपस्थित रहे।



# भक्तिभाव के बीच विसर्जित हुए जवारे

## जालपा मढ़िया से निकला जवारों का जुलूस

**कटनी, यशभारत।** अपार श्रद्धा, भक्ति और आस्था के बीच मां जालपा मढ़िया के जवारों का विर्सजन कटनी नदी में किया गया। इसके साथ ही आदिशक्ति जगत जननी मां दुर्गा की शक्ति आराधना के नौ दिवसीय महापर्व नवरात्र का समापन हो गया। नवरात्र के अंतिम दिन नवमी को माता के दर्शन और पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं का जनसैलाब मंदिरों में उमड़ पड़ा। नवमी के अवसर पर मंदिरों में माता की विशेष पूजा अर्चना की गई व हवन व महाआरती का आयोजन किया गया। शहर के अनेकों स्थानों पर कल और आज दिन भर कन्या भोज भी चलते रहे। स्थानीय जालपा वार्ड स्थित शहर के प्रमुख आस्था के केन्द्र मां जालपा मढ़िया में विराजमान शक्ति की आराध्य देवियों मां जालपा, मां कालका, मां शारदा की पूजा अर्चना और आरती की गई और इसके बाद रात करीब 8 बजे जवारा जूलूस प्रांरभ हुआ। बड़ी संख्या में महिलाएं अपने सिर पर जवारा कलश लेकर चल रही थी। जालपा मढ़िया के जवारा के दर्शन करने श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। जालपा मढ़िया से प्रारंभ होकर जवारा जुलूस पुरानी बस्ती, जवारा गली, मसुरहा वार्ड से राष्ट्रीय राजमार्ग से होता हुआ कटनी नदी पंहुचा, जहां अपार भक्तिभाव के साथ जवारा विर्सजन किया गया। जालपा मढ़िया के अलावा अन्य मंदिरों के जवारों का विर्सजन भी किया गया।

# दशहरा पर पेश की कौमी एकता की मिसाल

## न्यू आदर्श कॉलोनी में रावण महाराज के पुतले का दहन, गरबा रास की धुन पर महिलाओं एवं बच्चों ने किया शानदार नृत्य



**कटनी, यशभारत।** असत्य पर सत्य की जीत के महापर्व विजयादशमी के अवसर पर न्यू आदर्श कॉलोनी राजपूत हाउस में परंपरानुसार रावण महाराज के पुतले का दहन किया गया। इसके पहले कॉलोनी की महिलाओं और बच्चों ने गरबा रास की धुन पर शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए मां भवानी की आराधना की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने शिरकत की। उन्होंने मां दुर्गा की आराधना के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में यशभारत के संपादक आशीष सोनी, पार्षद सिब्बू साहू, गोविन्द चावला, विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती शिल्पी सोनी, इकबाल हुसैन और ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजू शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा कि न्यू आदर्श कॉलोनी में आयोजित रामलीला, गरबा महोत्सव एवं रावण दहन का आयोजन शहर के लिए एक अनूठी मिसाल है । पिछले 5 वर्षों से लगातार आयोजित यह समारोह एकता का प्रतीक है। समारोह की जिम्मेदारी टेंट व्यवसाई तनवीर खान एवं उनकी धर्मपत्नी शमा खान द्वारा की जा रही है, जो काबिले तारीफ है। आयोजन समिति के डॉ सुरेंद्र राजपूत, अरविंद जायसवाल, सौरव चौदहा, राजेंद्र अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, कमल बड़ेरिया, सत्यम अग्रवाल, सुंदरम अग्रवाल ने बताया कि गरबा का आयोजन पूरी शान शौकत के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान गरबा नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई। कौमी एकता की मिसाल कायम करने वाले तनवीर खान का समिति द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनी की बुजुर्ग माताओं का सम्मान किया गया। रावण दहन के बाद रात्रि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन सौरभ चौदहा एवं डॉ ज्योति राजपूत ने किया। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता, उपविजेता और अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। गरबा आयोजन में मुख्य भूमिका निभाने वाले रॉकिंग डांस क्लासेस के गरबा गुरु तरुण ठाकुर का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कल्पना चौरसिया, सरिता गुप्ता, श्वेता जायसवाल, सविता सोनी, नीलमा अरोरा, प्रीति तिवारी, गीता पाठक, जया बिचपुरिया, राजेश सराफ, सत्येंद्र चंपुरिया, भरत सोनी, दिनेश सोनी, बब्बल भैया, मुकेश द्विवेदी, डॉ. राजेन्द्र राजपूत, पत्रकार आशीष रैकवार, अनंत गुप्ता, अजय गौतम आदि उपस्थित रहे।



# अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए कटनी टीम का चयन

### सचिन यादव कप्तान बने, नरसिंहपुर से पहला मैच 10-11 अक्टूबर को

**कटनी, यशभारत।** संभागीय क्रिकेट संघ जबलपुर के तत्वावधान में अंडर 18 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन जबलपुर में किया जा रहा है, जिसके लिए कटनी जिला की टीम के चयन के लिए शिविर फारेस्टर प्ले ग्राउंड में विगत 1 एवं 2 अक्टूबर को आयोजित किया गया, तदुपरांत 6 अक्टूबर को एक मैच का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। टीम में सचिन यादव कप्तान, आदित्य भारती, हर्ष मंगलानी, आदित्य चौधरी, जतिन विश्वकर्मा, सुजल खरे, लकी मेहरा, साहिल, आर्य विश्वकर्मा, सुमित सिंह, स्वयं पाण्डे, दिवाकर तिवारी बड़वारा, अभिनव दुबे, शिवेन्द्र दुबे स्लीमनाबाद एवं लक्ष्य रत्नानी को शामिल किया गया है। टीम के कोच राजा खान होंगे। टीम अपना पहला मैच नरसिंहपुर के खिलाफ 10 एवं 11 अक्टूबर को खेलेगी। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड, सचिव, जिला क्रिकेट संघ ने दी।

# बरही में उल्लास से मनाया दशहरा, घूमर गरबा नृत्य महोत्सव में रही धूम



**बरही, यशभारत।** विजयदशमी महोत्सव बरही में उमंग, उल्लास व धूमधाम से मनाया गया। दशहरा के अवसर पर घूमर गरबा नृत्य महोत्सव के तत्वाधान में नगर के अमरपुर मार्ग स्थित गौरांग स्कूल प्रांगण में गरबा नृत्य का आयोजन किया गया था, जहां बड़ी संख्या में शामिल प्रतिभागियों ने उम्दा प्रस्तुतियां देते हुए उपस्थित दर्शकों का मनमोह लिया। रात 12 बजे तक प्रतिभागी महिलाएं, युवतियां, बच्चे एक साथ नवरास की मस्ती में लीन होकर गरबा नृत्य करते रहे। तो वही शोलो परफार्मेस में बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां पेश की। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने नगर परिषद बरही के अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, पार्षद इकवाल पबार, अजय वर्मा, बृजेश गुप्ता, अमित गुप्ता, सुरेश गुप्ता समेत नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अजंता अजय गुप्ता, शोभा मनीष गुप्ता, तुलसा रमेश गुप्ता, प्रतिभा नीरज त्रिपाठी, भूमि मनीष मोटवानी, लीलाराम गुप्ता सहित ग्रुप के सभी सदस्य व्यवस्था बनाने व कार्यक्रम में भव्यता प्रदान करने में खूब मेहनत की। कार्यक्रम में अलग-अलग विधाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।



### बरही में बुराई का प्रतीक रावण नहीं जला पाए

बरही में दशहरा चल समारोह विजयनाथधाम मेला ग्राउंड से रवाना हुआ। रथ में सवार प्रभु श्रीराम, लक्षण व हनुमान जी की जीवंत झांकी रावण महाराज को साथ लेकर छिन्दया टोला स्थित रणभूमि दशहरा मैदान पहुँचे, जहां राम.रावण युद्ध मे बुराई का प्रतीक रावण को प्रभु श्रीराम ने मार गिराया, लेकिन यहां के रावण लकड़ियां गीली होने के कारण जल नही सके। बाद में नगर परिषद अमले द्वारा रावण को डंडा मारकर गिराया गयाए जिसका वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

**Required**
An Office Assistant Boy & Girl who must be Graduate, Having the knowledge of English Language, Computer Operations, MS-Excel and Busy Accounting Software. Strictly Only those persons apply who are fulfilling above all critaria to.
**M/s RK Dall & Food Products Katni Pvt. Ltd, MadhavnagarKatni Mo. 9827261961**
**Email - rk.katni@gmail.com**

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति,
22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस,
बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड
बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

कटनी की पहली और एकमात्र
एम.आर.आई. जाँच सेंटर
एमजीएम हॉस्पिटल में अब सीटी स्कैन के साथ, एमआरआई जाँच की सुविधा उपलब्ध है।
24X7 HELPLINE NUMBER 07622-405070
एम.जी.एम. हॉस्पिटल, कटनी (म.प्र.)
Web- www.mgmhospitalkatni.com, email- info@mgmhospitalkatni.com

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Paytm
bookmyshow
From 30th September 2022




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# मप्र में फिर से नहीं रुक रही बारिश

# 16 जिलों में प्रशासन का यलो एलर्ट

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश के कई जिलों में फिर से लगातार बारिश शुरू हो गई है। कई दिनों से लगातार हो रही बारिश बंद होने का नाम नहीं ले रही है। इस बारिश के मद्देनजर नर्मदापुरम, विदिशा समेत 16 जिलों में प्रशासन ने यलो एलर्ट जारी कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग ने इन जिलों में अभी और बारिश की संभावना जताई है। हरदा, नर्मदापुरम, विदिशा बुरहानपुर में कई दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश को लेकर प्रशासन ने भी सतर्कता दिखाते हुए अपने-अपने शहरों में यलो एलर्ट जारी कर दिया है और संभावना जताई है कि अगले कुछ दिनों तक गरज और चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना है।**



भोपाल में दो दिन से हो रही बारिश

भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, सीहोर और ग्वालियर चंबल संभाग में भी गरज, चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं भोपाल में दो दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। भोपाल शहर में बीती रात देर तक बारिश होती रही। मध्य प्रदेश में एक दर्जन से अधिक स्थानों पर पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई हल्की वर्षा के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान एक दर्जन स्थानों पर कहीं-कहीं भारी वर्षा के आसार है। राज्य के सागर, सतना, नर्मदापुरम, बैतूल, खजुराहो, रायसेन, नौगांव, भोपाल, पचमढ़ी, दमोह, खंडवा, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, इंदौर और धार जिले में पिछले चौबीस घंटों के दौरान हुई हल्की वर्षा के बीच अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक दर्जन स्थानों पर मौसम विभाग ने कहीं-कहीं भरी वर्षा की चेतावनी दी है। भोपाल मौसम विज्ञान केंद्र ने बुलेटिन में बताया कि प्रदेश के नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, विदिशा, बुरहानपुर, खरगौन, धार, इंदौर, देवास, गुना, बालाघाट, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। इसी प्रकार इंदौर, उज्जैन, भोपाल एवं नर्मदापुरम संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। वहीं सागर, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर वर्षा हो सकती है। इसके अलावा रीवा, शहडोल और जबलपुर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा के आसार हैं।

## इन जगहों पर गिर सकती है बिजली

मौसम विभाग ने सागर, भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना जाहिर की है। राजधानी भोपाल में अगले चौबीस घंटों के दौरान आकाश की स्थिति मेघमय और शहर के आसपास गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है।



# सर्वार्थ सिद्धि व राजयोग में नौ अक्टूबर को मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**भोपाल, यशभारत।** इस साल शरद पूर्णिमा 09 अक्टूबर रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाई जाएगी। इस शुभ संयोग में भूमि, भवन, वाहन व ज्वेलरी आदि की खरीद-फरोख्त करना शुभ व समृद्धिकारक रहेगा। शहर में इस दिन विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शीतलदास की बगिया में बांके बिहारी व शिव-पार्वती भक्तों के साथ नौका बिहारी करेंगी। इस बार नौका को खास तौर पर सजाया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रविवार नौ अक्टूबर तड़के 3.41 से पूर्णिमा तिथि का प्रारंभ होगी, जो 10 अक्टूबर तड़के 2.25 तक यह तिथि रहेगी। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। तो वहीं शरद पूर्णिमा के दिन उत्तरा भाद्रपद और रेवती नक्षत्र होने से सुस्थिर योग और वर्धमान नाम के योग के साथ ध्रुव योग बन रहे हैं। इसके साथ ही शरद पूर्णिमा पर्व पर कन्या राशि में त्रिगह योग भी रहेगा। इस दिन कन्या राशि में सूर्य, बुध और शुक्र की युति बनेगी। सूर्य बुध की युति से बुधादित्य योग और बुध और शुक्र की युति से लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। इन्हें ज्योतिष शास्त्र में राजयोग कहा जाता है। इसी दिन शनि और गुरु अपनी अपनी राशि में वक्री अवस्था में रहेंगे। इस दिन चंद्रोदय का समय शाम 5.58 पर रहेगा। श्री दुबे ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा अपनी सम्पूर्ण 16 कलाओं से परिपूर्ण रहेगा व पूर्णिमा तिथि का स्वामी भी स्वयं चन्द्रमा ही है इसलिए उसकी किरणों से इस रात अमृत की वर्षा होने की प्राचीन मान्यता भी है। इस रात चंद्रमा की किरणों के शरीर पर पड़ने से विभिन्न बीमारियां भी ठीक होती है। इस दिन खीर को भोग लगाकर उसका सेवन करना भी स्वास्थ्यवर्धक होता है। राजधानी भोपाल में शरद पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री हिन्दू उत्सव समिति द्वारा शरद पूर्णिमा पर रविवार शाम को चल समारोह निकाला जाएगा। परम्परागत चल समारोह शाम छह बजे राधाकृष्ण मंदिर घोड़ा नक्कास से शुरू होगा, जो छोटे भैया कॉर्नर, जनकपुरी, भवानी चौक होते हुए रात नौ बजे शीतलदास की बगिया पहुंचेगा। यहां फूलों और रोशनी से सजी नौका में श्रीकृष्ण को नौका विहार कराया जाएगा। इसके बाद खीर का वितरण किया जाएगा। बड़ी झील में नौका विहार करेंगे मां गौरा संग बाबा बटेश्वरश्री बड़वाले महादेव मंदिर समिति द्वारा परंपरागत शरद पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

**यह उपाय करने से मिलेगी रोग से मुक्ति**

## छत्तीसगढ़ से सहमति मिली

# तो ही बढ़ेगी मप्र में साढ़े चार लाख पेंशनर की महंगाई राहत





**भोपाल ,ईएमएस।** मध्य प्रदेश के साढ़े चार लाख से ज्यादा पेंशनर की महंगाई राहत में वृद्धि छत्तीसगढ़ सरकार से सहमति मिलने के बाद ही मिल पाएगी। सरकार कर्मचारियों के बराबर 34 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत बढ़ाने का निर्णय ले चुकी है लेकिन छत्तीसगढ़ की अब तक सहमति नहीं मिली है। इसके कारण पेंशनर को 28 प्रतिशत की दर से ही प्रतिमाह महंगाई राहत मिल रही है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता और पेंशनर की महंगाई राहत चार प्रतिशत बढ़ाकर 38 प्रतिशत कर दी है। राज्य सरकार भी दीपावली के पहले इसकी घोषणा कर सकती है लेकिन इसका लाभ पेंशनर को मिलने की संभावना कम है। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने 34 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत देने का निर्णय करके छत्तीसगढ़ से सहमति मांगी थी जो अभी तक प्राप्त नहीं हुई है। वहां कर्मचारियों और पेंशनर को 28 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता व राहत दी जा रही है। पेंशनर के मामले में यही व्यवस्था लागू है क्योंकि अविभाजित मध्य प्रदेश के पेंशनर की पेंशन का 24 प्रतिशत वित्तीय भार छत्तीसगढ़ सरकार उठाती है। पेंशनर एसोसिएशन सहमति प्राप्त करने की व्यवस्था को समाप्त करने की मांग कई बार उठा चुकी है लेकिन इस पर अब तक कोई नीतिगत निर्णय हुआ है। दरअसल, इसको लेकर भी दोनों राज्यों के बीच सहमति होनी चाहिए जो अब तक नहीं बनी है। दीपावली के पहले सरकार कर्मचारियों का चार प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाने का निर्णय ले लेती है तो 38 प्रतिशत की दर से प्रतिमाह महंगाई भत्ता मिलेगा। जबकि, पेंशनर की महंगाई राहत 28 प्रतिशत ही रहेगी। इस प्रकार अंतर बढ़कर 10 प्रतिशत हो जाएगा। पेंशनर एसोसिएशन मध्य प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश दत्त जोशी का कहना है कि हमारे साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है। लंबे समय से महंगाई भत्ते की तुलना में महंगाई राहत में विलंब से वृद्धि हो रही है। एरियर के भुगतान को लेकर भी आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। जबकि, अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को एरियर का भुगतान किया गया है।

# MP के सरकारी मेडिकल कालेजों में सीटें बढ़ीं

## पर एमडी-एमएस करने के इच्छुक उम्मीदवार घटे

**भोपाल ईएएस।** प्रदेश के निजी और सरकारी मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस (स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम) में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय (डीएमई) ने मंगलवार को मेरिट सूची जारी की थी। इस सूची में सिर्फ दो हजार 658 उम्मीदवारों के ही नाम हैं, जबकि पिछले साल तीन हजार 50 उम्मीदवार मेरिट में थे। इस साल एमडी-एमएस कराने वाले कालेज और सीटों की संख्या बढ़ी है, लेकिन उम्मीदवार कम हो गए। जानकारों का कहना है कि इसकी कई वजह हैं, जिनमें एक यह भी है कि उम्मीदवारों को दूसरे राज्यों में अच्छे कालेज और विषय मिलने की उम्मीद रहती है। इस कारण वह मध्य प्रदेश के मूल निवासी या यहां से एमबीबीएस करने के बाद भी पीजी करने दूसरे राज्यों में चले जाते हैं। बता दें कि प्रदेश में पिछले साल छह सरकारी कालेजों में स्टेट कोटे की (सेवारत मिलाकर) 414 सीटें थीं, जबकि इस साल साल (2022-23) में 452 हो गई हैं। एमडी-एमएस कराने वाले कालेज छह से ब?कर आठ हो गए हैं। निजी कालेजों में भी सीटें 599 से ब?कर 774 हो गई हैं। इसी अनुपात में 15 प्रतिशत एनआरआइ सीटों की संख्या भी 116 हो गई हैं। इस तरह निजी कालेजों की 890 और सरकारी 452 सीट मिलाकर 1342 सीटों के लिए दो हजार 658 उदम्मीदवार मेरिट में हैं।

विशेषज्ञ बोले, इसलिए कम हो रहे उम्मीदवार पूर्व संयुक्त संचालक, चिकित्सा शिक्षा डा. एनएम श्रीवास्तव ने कहा कि गैर चिकित्सकीय विषयों में सीटें बढ़ रही हैं, लेकिन लेकिन डाक्टरों को इन विषयों में पीजी करने में रुचि नहीं रहती, क्योंकि उनकी प्रैक्टिस नहीं चलती और रोजगार के अवसर भी कम होते हैं। इसके अलावा कोर्ट केस और जोखि?म होने की वजह से सर्जिकल विषयों में भी गैर सर्जिकल की तुलना में रुचि कम हुई है। तीसरी बात यह है कि कोविड के बाद से नीट पीजी की परीक्षा में देरी हुई है। उम्मीदवारों को लगता है कि अच्छे अंक नहीं होने की वजह से अच्छा कालेज और विषय नहीं मिलेगा, इस कारण वह अगली नीट पीजी की तैयारी करते हैं । नीट पीजी काउंसलिंग से जु? एक अन्य विशेषज्ञ का कहना है कि नीट में योग्य (क्वालिफाई) पाए गए उम्मीदवारों की संख्या कम होने की वजह से भी उम्मीदवारों की संख्या कम हो सकती है।

# 57 साल में तीसरी बार अक्टूबर में खुला भदभदा डैम का गेट


**भोपाल, यशभारत।** भोपाल और सीहोर जिले के आसपास गुरुवार देर रात हुई बारिश की वजह से बड़े तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल तक पहुंच गया। इसके बाद देर रात भदभदा का एक और कलियासोत डैम के दो गेट खोले गए। बता दें कि 57 साल के इतिहास में यह तीसरा मौका है, जब अक्टूबर महीने में तेज बरसात की वजह से भदभदा के गेट खोलने की नौबत आई है।नगर निगम के सहायक अभियंता अजय सिंह सोलंकी ने बताया कि भदभदा डैम का निर्माण वर्ष 1965 में किया गया था। यह तीसरा मौका है, जब अक्टूबर महीने में भदभदा डैम का एक गेट खोला गया है। इससे पहले वर्ष 2003 और 2019 में अक्टूबर महीने में भदभदा के गेट खोले गए थे। उन्होंने बताया कि बुधवार और गुरुवार को हुई तेज बरसात की वजह से कोलांस नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा। कोलांस में उफान की वजह से निरंतर बड़े तालाब का जलस्तर बढ़ रहा था। रात करीब 11ः30 बजे बड़े तालाब का जलस्तर फुल टैंक लेवल पर पहुंचने पर भदभदा डेम का एक गेट खोला गया। इसका पानी जब कलियासोत डैम में पहुंचा तो उसका जलस्तर भी बढ़ा1 इस वजह से इस कलियासोत डैम के दो गेट रात 12ः00 बजे खोले गए।राजधानी में गुरुवार दोपहर से हुई तेज बारिश की वजह से भेल, कोलार, नरेला और करोंद समेत पुराने शहर के कुछ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति भी बनी।

**कलियासोत के भी दो गेट खोले गए**

# उर्दू टीचर ने 8 साल की स्टूडेंट के साथ किया रेप

## रोती बच्ची घर आकर बोली- टीचर ने किया गलत काम

**भोपाल, यशभारत।** विदिशा जिले के कस्बाताल गांव में एक उर्दू पढ़ाने वाले शिक्षक ने 8 साल की बच्ची के साथ रेप किया है। 8 साल की बच्ची उर्दू पढ़ने के लिए आरोपी के घर जाती थी। आरोपी उर्दू टीचर ने छोटी बच्ची को अकेला पा उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने असहनीय पीड़ा के साथ घर पहुंच कर अपने परिवार वालों को इस घटना के बारे में बताया। गुस्साए परिजनों ने पथरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता के पिता ने बताया कि मेरी बेटी गांव के ही 20 साल के शाहरुख खान उर्फ अलीम के घर ट्यूशन पढ़ने जाती थी। शाहरुख गांव के बच्चों को उर्दू पढ़ाता है। मंगलवार को भी बेटी उर्दू प?ने शाहरूख के घर गई थी। कुछ देर बाद बेटी रोते हुए घर आई और बताया कि टीचर ने उसके साथ गलत काम किया है। मां और पिता बेटे को लेकर पथरिया थाना पहुंचे और इसकी शिकायत दर्ज कराई। आरोपी दो साल से गांव के 8 से 10 बच्चों को पढ़ा रहा है। घटना वाले दिन उसने बाकी बच्चों को जाने का बोलकर पीड़िता को रोक लिया था। शाहरुख कुछ ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं है। उसे बस उर्दू का ही जानकारी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 376, 506 और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता को सिरोंज के अस्पताल में मेडिकल के लिए लाया गया है। आरोपी को शाम को न्यायालय में पेश किया गया है।



# मध्य प्रदेश में कृषि पाठ्यक्रम में जुड़ेगी प्राकृतिक खेती

# 59 हजार किसान अभियान से जुड़े

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इसे कृषि पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाएगा। अब तक प्राकृतिक खेती के अभियान से 59 हजार से अधिक किसान जु? चुके हैं। देसी गाय पालने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप नौ सौ रुपये प्रतिमाह अनुदान देने की व्यवस्था बनाई गई है। डिजिटल कृषि के के क्षेत्र में ई-उपार्जन और फसल बीमा योजना से कृषक के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है। किसान को घर और खेत से ही उपज विक्रम की सुविधा दी जा रही है। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में गुरुवार को प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि को लेकर आयोजित बैठक में दी। वे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें शामिल हुए थे। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्राकृतिक खेती और डिजिटल कृषि के क्षेत्र में विभिन्न् राज्यों द्वारा किए जा रहे नवाचार एक दिशा में होने चाहिए। प्राकृतिक खेती गाय पर आधारित परंपरागत खेती है, जो धरती के सभी तत्वों का संरक्षण करती है।



उन्होंने राज्यों को सुझाव दिया कि कृषि विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में प्राकृतिक खेती को शामिल करने, किसानों को प्रेरित करने और उन्हें प्राकृतिक कृषि करने वाले किसानों के खेतों का भ्रमण कराने जैसी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित किया जाए। गोशालाओं को इससे जो?ा जाए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता के परिणाम स्वरूप ही देश में डिजिटल कृषि से संबंधित गतिविधियों का क्रियान्वयन शुरू हो पाया है। देश में कृषि की विभिन्न् उपजों का उत्पादन मांग के अनुसार करने में इस अभियान से मदद मिलेगी और हम विभिन्न उत्पादों में आत्मनिर्भर हो सकेगा। किसानों को उपज का सही मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में डिजिटल कृषि से क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों का मानस बनाने और उन्हें प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

# बाघ मूवमेंट की आशंका के बीच मैनिट में टेक्नोफेस्ट कार्यक्रम

भोपाल ईएमएस। राजधानी में स्थित मौलाना आजाद नेशनल इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलाजी (मैनिट) के परिसर में सोमवार से बाघ के मूवमेंट की सूचना मिलने के बाद से ह?कंप मचा हुआ है। प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को रात में छात्रावास से बाहर निकलने पर रोक लगाई गई है। गुरुवार को सभी कक्षाएं आनलाइन आयोजित की गईं। इस संबंध में मैनिट प्रबंधन ने वन विभाग की टीम के साथ बैठक कर विद्यार्थियों के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसमें विद्यार्थियों को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार से आफलाइन कक्षाएं लगाई जाएंगी, क्योंकि वन विभाग अब तक बाघ के मूवमेंट को ट्रेस नहीं कर पाया है। जहां-जहां कैमरे लगाए जा रहे हैं, वहां-वहां बाघ का मूवमेंट नहीं पाया जा रहा है। प्रबंधन ने कहा कि वन विभाग अनुसार यह बाघ का शावक है। वह दिन में नहीं निकलता है, हालांकि रात में भी अब तक उसे ट्रेस नहीं किया गया है, फिर भी विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए उन्हें शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक छात्रावास से बाहर नहीं निकलने का आदेश दिया गया है। विद्यार्थियों को रात में अपने कमरे में ही रहने के लिए कहा गया है। बहुत जरूरी होने पर सिक्योरिटी गार्ड की निगरानी में बाहर आना-जाना किया जा सकेगा। साथ ही बैठक में यह भी तय हुआ कि आठ व नौ अक्टूबर को आयोजित होने वाले टेक्नोफेस्ट को स्थगित कर दिया जाए, क्योंकि टेक्नोफेस्ट के कई कार्यक्रम शाम को ही होते हैं। इसके अलावा यूजी, पीजी और पीएचडी की सभी कक्षाएं शुक्रवार से आफलाइन संचालित की जाएंगी।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मैनिट के पीजी और पीएचडी के विद्यार्थियों की बायोमेट्रिक के माध्यम से उपस्थिति दर्ज होगी। दरअसल, पीजी व पीएचडी के विद्यार्थियों ने बायोमेट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था को खत्म करने की मांग थी, जिसे प्रबंधक ने मानने से इन्कार कर दिया है।



विद्यार्थियों के रात में निकलने पर रोक

# उज्जैन में महाकाल लोक लोकार्पण के वक्त भोपाल के मंदिरों में भी गूंजेगा शंखनाद

**भोपाल, ईएमएस। उज्जैन में च्महाकाल लोकज कारिडोर का लोकार्पण 11 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करकमलों द्वारा संपन्न होगा। इस ऐतिहासिक अवसर को समारोह के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया जाएगा। भोपाल के मंदिरों में भी विशेष कार्यक्रम होगा।**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर कलेक्टर अविनाश लवानिया द्वारा जिले के प्रमुख मंदिरों के अध्यक्ष एवं पुजारियों के साथ बैठक कर इस कार्यक्रम को समारोह के रूप में मनाने के लिए सभी नागरिकों से कहा है। कलेक्टर लवानिया ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने अनुभाग में स्थित सभी मंदिरों में महाकाल लोक लोकार्पण कार्यक्रम का प्रसारण करने के लिए स्क्रीन की व्यवस्था की जाए। साथ ही मंदिर के पुजारियों, अध्यक्षों और समिति के सदस्यों के साथ बैठकर रूपरेखा तैयार करें। मंदिरों में कार्यक्रम के लिए अपेक्षित सहयोग भी प्रदान करें। बैठक में कलेक्टर लवानिया ने कहा कि जिले के सभी मंदिरों में महाकाल लोक के लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इससे पहले मंदिरों की साफ सफाई, रंगाई पुताई और रोशनी भी की जाए। मंदिरों में वाद्य यंत्र एवं रंगोली सजाई जाए। महाकाल लोक के लोकार्पण के अवसर पर घर-घर दीप जलाए जाएं। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों को प्रेरित किया जाए कि मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम करके अधिक से अधिक लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। महाकाल लोक लोकार्पण के अवसर पर शाम चार बजे से मंदिरों में शंखनाद होगा। झंडे, बैनर से प्रचार प्रसार भी हो। मंदिरों में भजन मंडलियों की प्रस्तुति, प्रभात फेरी और हवन सहित अन्य धार्मिक गतिविधियां हों। इंटरनेट मीडिया पर एक ग्रुप तैयार किया जाएगा, जिसमें मंदिर कार्यक्रम के सभी फोटोग्राफ-वीडियो अपलोड किए जाएंगे। बैठक में नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी कोलसानी, अपर कलेक्टर दिलीप यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ऋतुराज सिंह और जिले के सभी एसडीएम मौजूद रहे। कलेक्टर लवानिया ने जिले के मंदिरों के पुजारियों, अध्यक्षों और समिति सदस्यों से उज्जैन में महाकाल लोक का लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर जिले में धार्मिक त्यौहार जैसा वातावरण निर्मित करने का अनुरोध किया है। बैठक में उपस्थित जिले के प्रमुख मंदिरों के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने की सहमति दी है।



# माधवनगर में धूमधाम से निकला दशहरा चल समारोह

## आधा सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं सम्मिलित, देर रात तक चलता रहा विसर्जन का सिलसिला







**कटनी, यशभारत।** असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व विजयरादशमी उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर में अपार हर्ष, उल्लास और उमंग के बीच मनाया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला एवं दशहरा उत्सव कमेटी के तत्वावधान में दशहरा चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे माधवनगर व आसपास के ग्रामीण अंचल क्षेत्रों की आधा सैकड़ा से अधिक दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। जुलूस बैण्ड बाजों की धुनों के साथ आगे बढ़ता हुआ कैरेन लाइन पहुंचा। यहां से चावला चौक, तांगा स्टैण्ड मेनबाजार होता हुआ दुगाड़ी नदी के विसर्जन घाट तक पहुंचा। जहां श्रद्धा के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जुलूस में सबसे आगे माधवनगर दशहरे के जनक स्व. परचाराम जी का तैल चित्र था। उसके पीछे रावण का पुतला तथा बाद में मां जगदम्बे की प्रतिमाएं चल रही थी। जुलूस में शामिल युवाओं के समूह नृत्य करते हुए चल रहे थ। डीजे की धुनों पर थिरकते युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस बार माधवनगर के दशहरे में आधा सैकड़ा दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुईं। इसके पहले श्री दशहरा एवं रामलीला उत्सव कमेटी माधवनगर के तत्वावधान में समारोह का आयोजन रामलीला मैदान स्थित मंच पर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक संदीप जायसवाल, महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता करण सिंह चौहान, जिला कांग्रेस कमेटी शहर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष विक्रम खंपरिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यवाहक जिलाध्यक्ष करण सिंह चौहान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मटमल थारवानी सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। अतिथियों ने सभी को दशहरा पर्व कीशुभकानमनाएं देते हुए मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के अंत में श्री रामलीला एवं दशहरा उत्सव कमेटी द्वारा अतिथियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सोनू मनवानी ने जानकारी दी कि माधवनगर में पिछले दो साल से कोरोना बीमारी के कारण दशहरा महोत्सव नहीं मनाया गया था, लेकिन इस बार दशहरा महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। उत्तर प्रदेश से आई रामलीला मंडली के सदस्यों ने 15 दिनों तक रामलीला का आयोजन किया।



### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कमेटी संरक्षक गंगाराम कटारिया, झम्मटमल ठारवानी, प्रकाश आहूजा, पार्षद श्याम पंजवानी, वीरेंद्र तीर्थानी, राजकुमार माखीजा, सुशील मोटवानी, जयराम दास गुरनानी, निरंजन पंजवानी, देवीदास तुलसयानी, राजा जगवानी, खीयल चावला, कमेटी अध्यक्ष सोनू मनवानी, दशहरा जलूस प्रभारी बंटू रोहरा, संयोजक मनोहर बजाज, कार्यवाहक अध्यक्ष घनश्याम बेलानी, पूर्व अध्यक्ष डॉ प्रेम जसूजा, लक्ष्मण नंदवानी, अजय कछवाहा, कोषाध्यक्ष विजय वाधवानी, सचिव रिमी खुराना, सहसचिव नवीन मोटवानी, उपाध्यक्ष सतीश मोटवानी, विजय चांदवानी, स्टेज इंचार्ज गोलू मंगवानी, सहसंयोजक सुनील तलूजा, सुनील थरेजा, हूनदराज देवानी, आशीश तिरथानी, कमेटी के सदस्य विष्णु वलेचा, हितेश राजपाल, सुरेश पोपटानी, अभिजीत तीवारी, आशीष तिवारी, पार्षद ईश्वर बहरानी, गोविंद चावला, कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र मूलवानी, ओमप्रकाश आहूजा, नारायण दास जगवानी, देवीदास सोनी, दर्शन बजाज, राहुल होतवानी, शेरू पृथयानी, रोशन जी, नानक मूलवानी, संतोष कुमार सेन आदि सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

# लोगों ने लिया शराब और गांजे का सेवन नहीं करने का संकल्प

## सरपंच की जागरूकता से गांव में बंद हुई अवैध गतिविधियां

**रीठी/कटनी, यशभारत। युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही है। जागरूकता के अभाव में युवा पीढ़ी अपने आने वाले भविष्य को नशे की गर्त में ले जा रही है। शासन प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी इस पर रोकथाम लगती नहीं दिख रही। आलम यह है कि गांवों में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। केवल शराब ही नहीं बल्कि गांजा भी धड़ल्ले से बिक रहा है। इसके सेवन से कई घर बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। इसकी रोकथाम में जब पुलिस और प्रशासन के अधिकारी असफल दिखे तब ग्रामीणों ने लोगों को जागरूक करने एवं अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने का बीड़ा उठाया।**

हम यहां बात कर रहे हैं कटनी जिले की रीठी जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत पटेहरा की। जहां नवनिर्वाचित सरपंच रामसहाय बेन ने शासन की मंशा अनुसार ग्राम पंचायत को नशा मुक्त कराने की सरहनीय पहल की। सरपंच ने पंचायत के सचिवए ग्राम रोजगार सहायक राजकमल बर्मन, पंचों, गांव की महिलाओं व सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर आज 3 अक्टूबर से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की है। जिसमे नशा न करने तरह तरह के नारे लगाकर नशे से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में लोगो को समझाइस देकर नशा न करने समाज को संदेश दिया जा रहा है। गौरतलब है कि इसके पहले पिछले माह पटेहरा सरपंच रामसहाय बेन ने अपने ग्राम खाम में अवैध शराबए गांजा विक्रय को लेकर इससे होने वालों दुष्परिणामए समाज मे नशे के कारणए बर्बाद हो रहे अनेको परिवार आदि को लेकर चिंता जताई और अनैतिक गतिविधियों पर पूर्णतः विराम लगाने एक बैठक लेकर ग्राम में चल रहे अवैध लशराब गांजा विक्रय को रोकने जिला कलेक्टर एवं स्थानीय अधिकारियों से अवैध शराब गांजा विक्रय पर पूर्णतः रोक लगाने शिकायत की थीए साथ ही सैकड़ों, ग्रामीणों को लेकर जनाक्रोश रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए ग्राम में चल रहे शराब गांजा नही बिकने का संकल्प लिया था। जिसके परिणामस्वरूप गांव में बीते माह से शराब गांजे के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लग गया हैए जिसके चलते काफी हद तक ग्राम वासियों ने शराबए गांजे का सेवन करना बन्द कर दिया, वहीं पटेहरा सरपंच रामसहाय बेन ने इस सफलता पर ग्रामीणों की सहभागिता, जागरुकता, कलेक्टर एवं स्थानीय थाना प्रभारी सतीश तिवारी के सहयोग का आभार माना है।



**सरपंच ने पंच, सचिव एवं ग्रामीणों के सहयोग से निकाली नशा मुक्ति अभियान रैली, सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने निभाई थी सहभागिता**



# निलंबन को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल, जिलाध्यक्ष सुशील दुबे और सैकड़ों शिक्षकों ने विभिन्न स्तर के अधिकारियों के माध्यम से निलंबित किया गया है, जिसके विरोध में बसाडी संकुल में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व तथा बी एल बुनकर की अध्यक्षता तथा हेतराम साकेत, रविशंकर, हरिचरण रघुवंशी की उपस्थिति में अध्यापक शिक्षक साथियों की उपस्थिति में अध्यापक शिक्षक साथियों द्वारा निलंबित आदेश की प्रति को जलाकर और काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया। शासन प्रशासन से अध्यापकों की समस्याओं का अति शीघ्र निराकरण किए जाने का अनुरोध किया, साथ ही निलंबित कर्मचारियों की बहाली अति शीघ्र करने की मांग की गई। अन्यथा की स्थिति में शिक्षकों द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम में रश्मि तिवारी, जगजीवन राम, केके पटेल, रामेश्वर गौतम, राम सजीवन पटेल, भोले राम चौधरी, शेख शुभ, राजेंद्र कुमार रजक, नरेंद्र पटेल, राम स्वयंबर पटेल, श्यामलाल महोबिया, विजय श्रीवास, डीडी चौधरी, अनिल पटेल आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

**आजाद अध्यापक शिक्षक ने रखी मांग, समस्याओं का निराकरण करे सरकार**

# बेस्ट ड्रेसअप में अंशिका एनर्जी राउंड में ओशिका प्रथम

## रेल मनोरंजन गृह द्वारा में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन



**कटनी, यशभारत।** नवरात्र के पावन पर्व पर विगत 3 अक्टूबर सोमवार को रेल मनोरंजन गृह कटनी द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेते हुए आदिशक्ति जगतजनी मां दुर्गा की आराधना की। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों के लिए भी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया एवं गरबा प्रतिभागियों के लिए तरह-तरह की प्रतियोगिता रखी गई, जिसमे एनर्जी राउंड में प्रथम स्थान ओशिका मेवारी एवं द्वितीय स्थान श्रेया दिक्षित ने प्राप्त किया एवं बेस्ट ड्रेसअप में अंशिका मेवारी, चंचल दाहिया एवं शिवानी सिंह ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप जायसवाल, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला, कैलाश चंद्र रजक, आरपीएफ टीआई अनिल कुमार की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता की निर्णायक अमानिका अकादमी की प्राचार्य श्रीमति अनामिका बाजपाई रहीं। रेल मनोरंजन गृह कटनी द्वारा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मुख्य अतिथियों के द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। रेल मनोरंजन गृह के सचिव लखन लाल यादव ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एजाज खान, अवनीश दुबे, संजय सेन एवं में सभी अथितियों का एवं सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### सेवानिवृत्ति पर आचार्य को दी गई बिदाई

**विजयराघवगढ़, यशभारत।** संकट मोचन जगन्नाथधाम स्थित श्री गरुड़ध्वज संस्कृत विद्यालय में पदस्थ आचार्य रामावतार त्रिपाठी को सेवानिवृत्ति पर संस्था की ओर से विदाई दी गई। उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, डॉ अनिल मिश्रा, ओ पी तिवारी, अवधराज तिवारी, प्राचार्य कृष्णदास पांडेय, अरुण मिश्रा ने उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की। संस्था की ओर से शाल, श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर अनंत श्री विभूषित स्वामी इंदिरारमण जी महाराज महंत श्री जीयर स्वामी मठ पुरी, जगदीश प्र त्रिपाठी राजा जी, विमलेन्दु पयासी, अरविन्द बडगैयां, डॉ जी पी पाठक, अनिल शर्मा, मदन ग्रोवर, एम एल नामदेव, शिवकुमार पांडेय, रामनारायण गर्ग, जमुना गुप्ता, मनोज गुप्ता, लक्ष्मण यादव, राजू गुप्ता, सुरेन्द्र त्रिपाठी, श्यामलाल नामदेव, अजीत पांडेय, संदेश उपाध्याय, संदीप मिश्रा, कुंजीलाल गुप्ता, सुरेन्द्र मिश्रा, माधुरी मिश्रा, अशोक गुप्ता, संतोष मिश्रा, रामकिशोर गुप्ता, राजेन्द्र पांडेय, आशीष मिश्रा, राजेश गर्ग, वेदाचार्य राकेश उरमलिया की उपस्थिति रही।

### सूचना

मैं राकेश सिंह पिता श्री बलदेव प्रसाद आयु 30 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 14 अमरैयापार कैमोर तहसील विजयराघवगढ़, जिला-कटनी म.प्र. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। यह कि मेरा आरटीओ लाइसेन्स बना हुआ है जिसका पंजीयन क्रमांक MP21R-2020-0121180 है। मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बलदेव सिंह दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता का नाम अन्य सरकारी दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आईडी, मार्कशीट में बलदेव प्रसाद दर्ज है दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है। उक्त नाम की त्रुटि सुधार की जावे जिस आशय में यह सूचना प्रकाशित है।

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक



Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

# फिर तेज हुई पुरानी पेंशन लागू करने की मांग



## पदोन्नति, नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्त मोर्चा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आवाहन पर संस्थापक सरमन तिवारी अध्यक्ष, धर्मेंद त्रिपाठी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली, पदोन्नतिएनियमितीकरण सहित 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को माल्यार्पण कर दिया गया। कलेक्ट्रेट के बाहर सांकेतिक उपवास रखकर धरना दिया गया। धरना स्थल पर जगदीश सिंह भदौरिया भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किये गये। कर्मचारियों की न्यायोचित मांगों के निराकरण के लिए मध्यप्रदेश द्वारा दो मंत्री समूह का गठन किया गया है। एक मंत्री समूह का गठन पदोन्नति के बारे में निर्णय हेतु एवं एक मंत्री समूह का गठन कर्मचारियों के अन्य मांगों के निराकरण के लिए किया गया है किंतु दोनों मंत्री समूह द्वारा आज दिनांक तक ठोस निर्णय लेकर कोई आदेश नहीं किए गए हैं वहीं पूरे भारतवर्ष में मध्यप्रदेश एक ऐसा इकलौता राज्य बन गया जहां पिछले 7 वर्षो से प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों की पदोन्नति भी रुकी हुई है, जिससे प्रदेश के अधिकारियों कर्मचारियों में दिन.प्रतिदिन निराशा बढ़ रही है। संगठनों ने धरना स्थल पर उपस्थिति देकर न्यायिक मांगों को समर्थन दिया है। जिसमे राजपत्रित अधिकारी संघ के डॉ आर के सिंह, तहसीलदार संघ संदीप श्रीवास्तव, सच्चिदानंद त्रिपाठी, डिप्लोमा इंजी संघ के आर के बत्रा, तृतीय श्रेणी के पुष्पराज सिंह बघेल, पी सी ओ संघ के अवधेश दाहिया, पंचायत सचिव संघ रविशंकर तिवारी, पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के एस एन शुक्ला, के सी रजक, अशोक पाठक, अनूप तिवारी, अजाक विकास संघ के पी के महार, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ एम एस यादव, लिपिक संघ के सुनील दत्त मिश्रा, पटवारी संघ के अनुज दाहिया, दादूराम पटेल, नगर निगम संघ के गणेश बिचपुरिया, पारसनाथ प्रजापति, समयपाल महासंघ के हरीश सक्सेना, अध्यापक संयुक्त मोर्चा के जे पी हल्दकार, देवेंद्र तिवारी, मौजीलाल चक्रवर्ती, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा भगवान सिंह परिहार, रामाधार गौतम, चतुर्थ श्रेणी कर्म. संघ के पूरनेश उइके, छात्रावास अधीक्षक संघ के के मेहरा, विकलांग कल्याण एसोसिएसन के मार्तण्ड सिंह, वन कर्मचारी सुरक्षा एवं पर्यावरण संघ के अजय बाजपेई, एन पी दुबे, नरेंद्र रूपेरिया, तुलाराम यादव, बालमुकुंद त्रिपाठी, दिनेश खरे, टी आर वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, कमलेश पाठक, राजेन्द्र श्रीवास्तव शामिल है।



# सिंदुरसी में टेनिस बॉल पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कटनी, यशभात।** ग्राम पंचायत सिंदुरसी में टेनिस बॉल पंचायत क्रिकेट कप टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। यह टूर्नामेंट 15 दिवस तक चलेगा, जिसका फाइनल मैच 16 अक्टूबर को खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग लेंगी। इस अवसर पर लाल कमल बंसल जनपद अध्यक्ष, लक्ष्मी महतो, जी एस ठाकुर, जगदीश सिंह पटेल, राकेश पटेल, राजेश रजक, रामेश पटेल, संजय पटेल, अजीत महोबिया, कृष्ण कुमार पटेल, उत्तम पटेल, राधे यादव, सरमन चौधरी, पुणेद्र पटेल, उदयभान पटेल, लाल सिंह, रामकृपाल पटेल, आयोजक समिति में राकेश पटेल, पप्पू पटेल, राकेश चक्रवर्ती, शेखर चक्रवर्ती, सचिन पटेल, सुनील बैंन, रवि पटेल, राजेंद्र, बंटी पटेल, दुर्गेश रैदास एवं अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

**प्रारूप छः 3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)**
**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुख सागर मछुआ सह. समिति मर्या. चरगवां पं.क्रं. 118911**
क्रमांक/नि.अ./2022/01 दिनांक- 07.10.2022

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के क्र./सह.नि.प्रा./निर्वाचन-1/2022/6818 दिनांक 26.09.2022 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय **कटनी** विकासखंड **कटनी** कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय केन्द्रीय बैंक की शाखा **बहोरीबंद** के सूचना पटल पर दिनांक **07.10.2022** को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दि. **07.10.2022 से दिनांक 14.10.2022** तक सोसायटी कार्यालय चरगवां में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें **कटनी** में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय कटनी में दिनांक **14.10.2022** को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(एस.के. जैन) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुख सागर मछुआ सहकारी समिति मर्यादित चरगवां पंजीयन क्रमांक- 118911**

**प्रारूप छः 3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)**
**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुपम गृह निर्माण सह. समिति मर्या. कटनी पं.क्रं. 231**
क्रमांक/नि.अ./2022/01 दिनांक- 07.10.2022

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के क्र./सह.नि.प्रा./निर्वाचन-1/2022/6950 दिनांक 30.09.2022 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय **कटनी** विकासखंड **कटनी** कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय केन्द्रीय बैंक की शाखा **कटनी** के सूचना पटल पर दिनांक **07.10.2022** को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दि. **07.10.2022 से दिनांक 14.10.2022** तक सोसायटी कार्यालय द्वारका सिटी में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें **कटनी** में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय अनुपम गृह सहकारी समिति कटनी में दिनांक **14.10.2022** को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(बैबी नैना मेहरा) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनुपम गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित कटनी पंजीयन क्रमांक- 231**

**प्रारूप छः 3**
**(मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी नियम 1962 के नियम 49-ग (3) के अंतर्गत)**
**सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप**
**कार्यालय रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दुर्गा महिला प्राथमिक उप. सह. भंडार मर्या. कटनी पं.क्रं. 58**
क्रमांक/नि.अ./2022/01 दिनांक- 07.10.2022

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसायटी के संचालक मंडल के सदस्यों का निर्वाचन साधारण सम्मिलन/ विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है। अतएव म.प्र. राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल के क्र./सह.नि.प्रा./निर्वाचन-1/2022/6951 दिनांक 30.09.2022 के पालन में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार सोसायटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसायटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटियां कार्यालय **कटनी** विकासखंड **कटनी** कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय केन्द्रीय बैंक की शाखा **कटनी** के सूचना पटल पर दिनांक **07.10.2022** को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दि. **07.10.2022 से दिनांक 14.10.2022** तक सोसायटी कार्यालय द्वारका सिटी में या कार्यालय सहायक पंजीयक, सहकारी संस्थायें **कटनी** में सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय कटनी में दिनांक **14.10.2022** को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

**(अनीता कोल) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दुर्गा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्यादित कटनी पंजीयन क्रमांक- 58**

# विमेंस एशिया कप 2022- बनाम पाकिस्तान की रोमांचक जंग आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमेंस एशिया कप 2022 का आज सबसे बड़ा मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीचआज खेला जा रहा है। विजयरथ पर सवार टीम इंडिया जहां टूर्नामेंट में लगातार चौथी जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह पक्की करना चाहेगी, वहीं पाकिस्तान की नजरें जीत के ट्रैक पर लौटने पर होगी। भारत के खिलाफ इस महामुकाबले से एक दिन पहले पाकिस्तान को थाइलैंड के हाथों हारा का सामना करना पड़ा था। इस हार से टीम के मनोबल को जरूर ठेस पहुंची होगी। चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपना चौथा मुकाबला जीतकर टीम इंडिया की नजरें जहां सेमीफाइनल में पहुंचने पर होगी, वहीं पाकिस्तान जीत के ट्रैक पर लौटना चाहेगा। भारत के खिलाफ मुकाबले से पहले पाकिस्तान की टीम को थाइलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, इस हार से टीम का मनोबल जरूर डगमगाया होगा। वहीं भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की हैट्रिक लगा चुकी है और प्वाइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ नंबर 1 पर विराजमान है।बात भारत बनाम पाकिस्तान हेड टू हेड मुकाबलों की करें तो टी20आई में इन दोनों टीमों का आमना-सामना 12 बार हुआ है जिसमें टीम इंडिया ने 10 बार पाकिस्तान को धूल चटाई है। पाकिस्तान सिर्फ दो बार भारत को मात देने में कामयाब रहा है। पाकिस्तान ने आखिरी बार क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत को 2016 में हराया था, उसके बाद टीम इंडिया ने लगातार 5 बार इस टीम को मात दी है। भारत एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ डबल हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरेगा।महिला क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान की टीम का आखिरी बार आमना सामना कॉमवेल्थ गेम्स 2022 के दौरान हुआ था। उस मुकाबले को टीम इंडिया ने 8 विकेट से जीता था। बिस्माह मारूफ़ की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए मात्र 99 रनों पर ढेर हो गई थी जिसके बाद भारत ने इस स्कोर को मात्र 11.4 ओवर में ही हासिल कर लिया था। भारत के लिए स्मृति मंधाना ने अर्धशतकीय पारी खेली थी।




### टी20 विमेंस एशिया कप में भारत से नहीं जीत पाया है पाकिस्तान

विमेंस कप टी20 फॉर्मेट में सबसे पहली बार 2012 में खेला गया था, तब से लेकर भारत और पाकिस्तान की टीमें 5 बार इस टूर्नामेंट में भिड़ चुकी है और हर बार भारत ने बाजी मारी है। आखिरी बार विमेंस एशिया कप में 9 जून 2018 को जब यह दोनों टीमें भिड़ी थी तो उस मैच में भारत ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी।

# 86 रन की पारी खेलने के बाद भी संजू सैमसन बने खलनायक

## रन चेज में ये गलती ना करते तो मैच जीत सकता था भारत

**नई दिल्ली ईएमएस।** संजू सैमसन की 86 रनों की नाबाद पारी के बावजूद भारत को पहले वनडे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 9 रनों से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए बारिश से बाधित इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए मेहमान टीम ने भारत के सामने जीत के लिए 250 रनों का लक्ष्य रखा था। निर्धारित 40 ओवर में टीम इंडिया सैमसन और श्रेयस अय्यर के अर्धशतकों की मदद से 8 विकेट के नुकसान पर 240 ही रन बना सकी। इस रन चेज में संजू सैमसन ने आखिरी के कुछ ओवर में एक ऐसी गलती कर दी थी जिसकी वजह से भारत यह मैच हारा, अगर सैमसन वह गलती नहीं करते तो टीम इंडिया यह मैच जीत सकती थी। भारत के लिए यह रन चेज आसान नहीं रही थी। शिखर धवन (4) और शुभमन गिल (3) के रूप में दोनों सलामी बल्लेबाज 6 ओवर के अंदर पवेलियन लौट गए थे, वहीं 51 रन पर टीम इंडिया अपने टॉप 4 बल्लेबाज खो बैठी थी। धवन-गिल के बाद ऋतुराज गायकवाड़ 42 गेंदों पर 19 और ईशान किशन 37 बॉल पर 20 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए श्रेयस अय्यर ने 37 गेंदों पर 8 चौकों की मदद से तेज तर्रार अर्धशतक जड़ टीम को ना सिर्फ मुश्किल से निकाला बल्कि संजू सैमसन के साथ भी शानदार साझेदारी की। अय्यर को जब 118 के स्कोर पर लुंगी एनगिडी ने आउट किया तो रन बनाने का सारा जिम्मा संजू सैमसन के कंधों पर आ गया था। सैमसन शानदार बल्लेबाजी करते हुए मैच को आखिरी ओवर तक खींच रहे थे। मगर 39वें ओवर में वह ऐसी गलती कर बैठी जिसका खामियाजा भारत को भुगतना पड़ा। दरअसल, आखिरी दो ओवर में टीम इंडिया को जीत के लिए 37 रनों की दरकार थी। 38वें ओवर में भी भारत को मात्र 8 रन मिले थे। 39वां ओवर लेकर आए रबाडा की पहली गेंद का सामना आवेश खान कर रहे थे क्योंकि पिछले ओवर की आखिरी गेंद पर सैमसन स्ट्राइक बदले में नाकाम रहे थे। रबाडा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहली दो गेंदें डॉट करवाई, तीसरी गेंद आवेश खान के बैट पर लगी तो सैमसन के पास स्ट्राइक बदलने का शानदार मौका था। वहां एक रन लेकर सैमसन अगली तीन गेंदों का फायदा उठा सकते थे, मगर सैमसन ने उस गेंद पर एक की जगह दो रन ले लिए और स्ट्राइक वापस 9वें नंबर के बल्लेबाज अवेश खान को दे दी।

# लियोनेल मेसी ने किया संन्यास का ऐलान



### कतर में खेलेंगे अपना आखिरी फीफा वर्ल्ड कप

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने गुरुवार को अपने फैंस को बड़ा झटका देते हुए कहा कि कतर में आयोजित फीफा वर्ल्ड कप 2022 उनके करियर का आखिरी विश्व कप होगा। मेसी ने 2007 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में डेब्यू किया था, तब से लेकर वह अर्जेंटीना के लिए 90 गोल दाग चुके हैं और वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सबसे ज्यादा गोल करने वाले टॉप 3 खिलाड़ियों में शुमार हैं। लियनोन मेसी ने यह बात इसलिए भी कही क्योंकि अगला वर्ल्ड कप 2026 में खेला जाएगा। मेसी अभी 35 साल के हैं और 2026 तक वह 39 साल के हो जाएंगे, तब तक अपनी फिटनेस को बनाए रखना काफी मुश्किल होगा। मेसी ने ईएसपीएन-अर्जेंटीना को बताया च्यह निश्चित रूप से मेरा आखिरी विश्व कप है। मैं शारीरिक रूप से अच्छा महसूस करता हूं, मैं इस साल बहुत अच्छा प्री-सीजन करने में सक्षम था, जो मैं पिछले साल नहीं कर सका। मैं जहां हूं वहां पहुंचना जरूरी था, अच्छे के साथ मन की स्थिति और बहुत सारी आशा।

हालांकि मेसी ने यह नहीं बताया है कि वह क्लब फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे या नहीं। कतर वर्ल्ड कप का आगाज 20 नवंबर से होने जा रहा है। अपने करियर के अधिकतर मैच बार्सिलोना के लिए खेलने वाले मेसी अब पीएसजी का हिस्सा हैं। पिछले कुछ समय पहले ही वह इस टीम के साथ जुड़े हैं। मेसी ने क्लब फुटबॉल में बॉर्सिलोने के लिए 474 गोल दागे हैं, वहीं पीएसजी के लिए अभी तक वह 11 गोल कर चुके हैं।

# गौतम को लेकर भिड़ीं एक्ट्रेस अर्चना और टीना, खींचकर ले जाने लगीं अपने-अपने साथ

**नई दिल्ली, ईएमएस।** बिग बॉस के आज के एपिसोड की शुरुआत हुई बिग बॉस के कॉल से जो निम्रत के लिए आता है। बिग बॉस फोन करते हैं और निम्रत को कहते हैं कि आपको कैप्टन पद से निकाल दिया जाता है। इसके बाद बिग बॉस बाकी सदस्यों को कहते हैं कि बाहर एक बॉन्ग रखा है और जो सबसे पहले बजाएगा वो निम्रत को कैप्टेंसी के लिए चैलेंज देगा। इस दौरान शालीन भनोट सबसे पहले भागे और उन्होंने बॉन्ग बजाया। फिर शालीन और निम्रत के बीच कॉम्पटीशन होता है। बिग बॉस कहते हैं कि दोनों को सिर पर टब रखना है और बाकी कंटेस्टेंट्स को उस टब में चीजें भरनी है। जो सबसे ज्यादा देर तक टब सिर पर रखेगा, वही जीतेगा।



### शालीन को हराकर निम्रत बनी कैप्टन

शालीन के टब पर शिव 3 डंबल रख दिए थे। तो सौंदर्या ने कांच का एक बड़ा बर्तन रख दिया था। वहीं निम्रत के टब पर प्रियंका ने एक बड़ा प्लांट रखा था। शालीन को गुस्सा आ जाता है और वह ज्यादा वजन से परेशान हो जाते हैं। वह अपने टब को फेंक देते हैं। इसके बाद निम्रत टास्क जीत जाती हैं और फिर निम्रत वापस कैप्टन बन जाती हैं।

टास्क के बाद अर्चना, गौतम से बात करते हुए कहती है कि सौंदर्या ने घर का सामान तोड़ दिया। उसे वो नहीं रखना था। इसके बाद सौंदर्या और अर्चना की बहस होती है कि तभी टीना वहां आ जाती हैं। फिर टीना और अर्चना की बहस होती है। टीना, गौतम का हाथ पकड़कर उसे वहां से उठने को कहती है तो वहीं अर्चना, गौतम को रोकती हैं। गौतम फंस जाते हैं दोनों के बीच। वह उठते हैं वहां से तो अर्चना कहती हैं तुम चमचे हो। फिर गौतम बीच में बैठ जाते हैं कहते हैं मैं कहीं नहीं जा रहा। तो अर्चना फिर भी कहती हैं तुम अपना स्टैंड लो, चमचे मत बनो। इसके बाद गौतम, अर्चना के पास बैठ जाता है। ये देखकर टीना वहां से गुस्से में चली जाती है।

### गोरी ने खुद को बचाया

आज बिग बॉस गोरी को डांस करने के लिए कहते हैं। इसके बाद वह कहते हैं कि गोरी के साथ जो बाकी कंटेस्टेंट्स हुए हैं अगर वे गोरी की टी शर्ट पहनकर उनके साथ डांस करके उन्हें जीत दिलाते हैं तो गोरी के पास एक मौका आएगा कि वह किसी एक को नॉमिनेट होने से बचा सकती हैं। गोरी के साथ नॉमिनेट हुए सभी कंटेस्टेंट्स शिव, गौतम, साजिद खान, एम सी स्टैन, गोरी के लिए डांस करते हैं। इसके बाद जब बिग बॉस पूछते हैं कि वह किसी नॉमिनेट होने से बचाएंगी तो गोरी खुद का नाम लेती हैं। तो अब गोरी नॉमिनेट होने से बच गई हैं।

***मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड सेलेब्स की तगड़ फैन फॉलोइंग होती है और फैन्स उन्हें खूब प्यार करते हैं। फैन्स सेलेब्स की फिल्मों के अलावा उनकी पर्सनल लाइफ, लग्जरी स्टाइल सहित अन्य बातों को भी हमेशा जानना चाहते हैं। वहीं सेलेब्स भी अलग अलग तरह से फैन्स तक अपनी बात पहुंचाते हैं। सेलेब्स एक ओर जहां मोटी कमाई करते हैं तो दूसरी ओर सोसायटी के लिए चैरिटी भी खूब करते हैं। इस रिपोर्ट में आपको ऐसे सेलेब्स के बारे में बताते हैं, जो अपने एनजीओ चलाते हैं और बढ़ चढ़कर समाज की मदद के लिए आगे आते हैं।***

# सलमान खान- आलिया भट्ट से आमिर खान-सुष्मिता सेन तक, समाज की मदद करते हैं ये 10 सेलेब्स

शाहरुख खान- बॉलीवुड के किंग खान कहलाने वाले अभिनेता शाहरुख खान के एनजीओ का नाम मीर फाउंडेशन है। ये नाम शाहरुख खान ने पिता मीर ताज मोहम्मद के नाम पर रखा है। बता दें कि शाहरुख खान का ये एनजीओ एसिड अटैक सर्वाइवर्स की मदद करता है।

**दीपिका पादुकोण-** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण एक वक्त पर डिप्रेशन का शिकार रह चुकी हैं और ऐसे में वो मेंटल हेल्थ को लेकर काफी एक्टिव रहती हैं और लोगों को अवेयर करती हैं। दीपिका पादुकोण के एनजीओ का नाम लिव लव लाफ है, जिसकी शुरुआत साल 2015 में हुई थी। दीपिका के इस एनजीओ की मदद से मेंटल हेल्थ के मुद्दों पर बात करती हैं।

**आलिया भट्टः**बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट का भी नाम इस लिस्ट में शामिल है। आलिया भट्ट एक सोशल वेलफेयर प्रोग्राम च्कोएग्जिस्टज के साथ जुड़ी हैं, जो इकोलॉजी और एनिमल्स के लिए काम करता है। आलिया भट्ट सोशल मीडिया पर भी कई बार इस बारे में अपनी बात रख चुकी हैं।



**शबाना आजमी-** बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस शबाना आजमी मिजवां वेलफेयर सोसाइटी की प्रेसिडेंट हैं, जिसकी शुरुआत उनके पिता कैफी आजमी ने की थी। इस एनजीओ की मदद से शबाना गांव के लोगों को सशक्त बनाने का काम करती हैं। मिजवां के सपोर्ट के लिए शबाना हर साल फैशन शो भी करवाती हैं, जिस में सेलेब्स हिस्सा लेते हैं।



**आमिर खान और किरण राव-** आमिर खान, अपनी एक्स वाइफ किरण के साथ में पानी फाउंडेशन चलाते हैं। आमिर और किरण ने पानी फाउंडेशन की शुरुआत साल 2016 में की थी। इस फाउंडेशन की मदद से आमिर और किरण, देश को सूखा की समस्या से निजात दिलाना चाहते हैं। वहीं ये फाउंडेशन ग्रामीण इलाके के लोगों को उनके समस्याओं से लड़ने में भी मदद करता है।

**सुष्मिता सेन-** बॉलीवुड की बेहद खूबसूरत और सुपर टैलेंटिड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने साल 2009 में च्आई एम फाउंडेशनज की शुरुआत की थी। इस फाउंडेशन की मदद स सुष्मिता समाज की अलग अलग समस्याओं पर फोकस करती हैं और लोगों की मदद की जाती है।



**सलमान खान-** बॉलीवुड के दंबग खान के बिना ये लिस्ट अधूरी है। सलमान खान के फाउंडेशन का नाम बीइंग ह्यूमन है, जिसकी शुरुआत साल 2007 में हुई थी। बीइंग ह्यूमन शिक्षा और हेल्थ केयर सर्विस उन लोगों को मुहैया कराने में मदद करती है, जो इनके लिए सक्षम नहीं हैं। सलमान खान के बीइंग ह्यूमन से बड़ी तादात में लोगों की मदद की जाती है।

राहुल बोस- राहुल बोस ने कई फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीता है, हालांकि उनका सिनेमाई ग्राफ कुछ बहुत खास नहीं रहा। हालांकि रियल लाइफ में राहुल सोसायटी के लिए काफी एक्टिव रहते हैं। राहुल बोस के एनजीओ का नाम द फाउंडेशन है, जो गरीब बच्चों की शिक्षा में मदद करता है।

गुल पनाग- सुपर एक्टिव और फन लविंग एक्ट्रेस गुल पनाग कई सोशल ऑर्गेशनाइजेशन्स के साथ जुड़ी हैं और सोसायटी वेलफेयर के लिए काम करती हैं। गुल पनाग, कर्नल शमशेर सिंह फाउंडेशन की फाउंडर हैं और इसकी मदद से वो कन्या भ्रूण हत्याऔर ड्रग्स एडिक्शन के खिलाफ मैदान में उतरती हैं।

**अनुपम खेर-** 500 से अधिक फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता अनुपम खेर आज भी हर जॉनर में अपनी बेहतरीन अदाकारी से दिल जीतने का हुनर रखते हैं।

# आस्था में ओम पुरी और रेखा इंटीमेट सीन करते वक्त हो गए थे बेकाबू?

## कुर्सी टूटने के थे चर्चे




मुंबई, एजेंसी। रेखा दमदार एक्ट्रेस हैं इसमें कोई दोराय नहीं। उन्होंने बॉलीवुड को कई हिट फिल्में और यादगार किरदार दिए। रेखा ने कई ऐसे रोल भी किए जिन्हें शूट करना आसान नहीं था। आस्था, कामसूत्र और खिलाड़ियों के खिलाड़ी उनकी ऐसी ही फिल्में थीं जो बोल्ड कॉन्टेंट की वजह से चर्चा में रहीं। आस्था फिल्म के एक सीन का आज भी जिक्र होता है। फिल्म 1997 में रिलीज हुई थी। इसमें उनके साथ ओमपुरी थे। फिल्म कुछ खास नहीं चली थी लेकिन ओमपुरी और रेखा का सेक्स सीन सुर्खियों में रहा था। गॉसिप गलियारों में चर्चे थे कि दोनों एक्टर्स सीन में इतना डूब गए थे कि कुर्सी टूट गई थी।

### सीन में खो गए थे एक्टर्स

आस्था फिल्म में ओम पुरी और रेखा पति-पत्नी के रोल में थे। मूवी में उनके बीच इंटीमेट सीन भी थे। फिल्म का एक इंटेंस सीन काफी चर्चा में रहा था। इस सीन की शूटिंग को लेकर कई चौंकाने वाली रिपोर्ट्स आई थीं। इन खबरों के मुताबिक, ओम पुरी ओर रेखा को कुर्सी पर एक इंटीमेट सीन करना था। शूटिंग के वक्त दोनों सीन में इतने खो गए थे कि कुर्सी टूटने के कगार पर पहुंच गई थी। सेट्स से खबरें उड़ी थीं कि सीन हकीकत के काफी करीब था। रेखा की एक और फिल्म अंजाना का किस्सा भी सुर्खियों में रह चुका है। उस वक्त रेखा 15 साल की थीं। उनकी यह फिल्म 1969 में आई थी। मूवी में रेखा के अपोजिट विश्वजीत थे। रिपोर्ट्स थीं कि फिल्म के डायरेक्टर राजा नवाथे ने प्लान बनाया था कि विश्वजीत रेखा को किस करेंगे। विश्वजीत रेखा को बाहों में भरकर 5 मिनट तक जबरन किस करते रहे थे। इस बीच डायरेक्टर ने कट नहीं बोला। वहां मौजूद यूनिट के लोग सीटियां बजाते रहे। बताया जाता है कि रेखा रोने लगी थीं। यह सीन स्क्रिप्ट का हिस्सा नहीं था बल्कि अचानक हुआ था। बाद में बवाल बढ़ने के बाद विश्वजीत को सफाई देनी पड़ी थी कि उन्होंने डायरेक्टर के कहने पर ऐसा किया था।

# शराब दुकान के अंदर घुसकर महिला टीआई ने सेल्समैन को पीटा

## बहोरीबंद के कुआं गांव में घटना, पीड़ित सेल्समैन ने एसपी से की कार्रवाई की मांग



**कटनी, यशभारत। बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम कुआं स्थित शराब दुकान के सेल्समैन के साथ बहोरीबंद थाना प्रभारी अर्चना सिंह के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। थाना प्रभारी ने दुकान के अंदर घुसकर सेल्समैन के साथ डंडे से बेरहम मारपीट की है, ऐसा आरोप शराब ठेकेदार के द्वारा लगाया जा रहा है।**

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कुआं में कल गुरूवार की शाम दशहरा पर्व मनाया जा रहा है। बताया जाता है कि जिस मैदान में दशहरा पर्व मनाया जा रहा था, वहां क्षेत्र की शराब दुकान भी है। इसलिए कुछ लोग शराब पीकर बेवजह गालीगलौज करते हुए पर्व में उत्पात मचा रहे थे। जिससे बौखलाकर बहोरीबंद की महिला थाना प्रभारी अर्चना सिंह ने नशे में धुत्त युवकों को छोड़कर शराब दुकान के अंदर घुसी और दुकान के सेल्समैन सागर निवासी विजय राय को डंडो से बुरी तरह पीटने लगी। थाना प्रभारी की मारपीट से पीड़ित विजय राय ने घटना का ध्यान पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन की ओर आकर्षित कराते हुए थाना प्रभारी पर कार्रवाई की मांग की है।



# भाजपा में महापौर चुनाव की हार का साइड इफेक्ट, जिलाध्यक्ष बदले

## संघ और विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से जुड़े दीपक टंडन को जिम्मेदारी

**कटनी,यशभारत।** भाजपा में महापौर चुनाव की हार के साइड इफेक्ट दिखने लगे हैं। जिन 5 जिलों में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा उन जिलों में जिलाध्यक्ष बदल दिये गए हैं। पहली ही सूची में कटनी प्रभावित हुआ है। कटनी में संघ और विद्यार्थी परिषद की पृष्ठभूमि से जुड़े, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे दीपक टंडन को जिले की कमान सौंपी गई है। यह बदलाव रामरतन पायल का कार्यकाल पूरा होने के दो माह पहले ही कर दिया गया। चर्चा है कि नगर निगम में महापौर पद पर भाजपा की पराजय का ठीकरा श्री पायल के सिर पर फूटा है। दीपक टंडन भले ही जनता के लिए चौंकाने वाला नाम हो लेकिन बीते वर्षों में विधायक महापौर आदि चुनावों में दीपक टंडन का नाम सुर्खियों में रहा।



दीपक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा के करीबी कार्यकर्ताओं में से एक हैं बल्कि यह कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं कि अभाविप में छात्र राजनीति के दौरान दीपक ने व्हीडी शर्मा के साथ लंबे वक्त तक बेहद समर्पण के साथ काम किया जिसका प्रतिफल उन्हें प्राप्त हुआ है। जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के साथ कटनी में वह अब तक के सबसे कम उम्र के जिलाध्यक्ष होंगे। भाजपा संगठन में पहली बार ही दीपक जिला पदाधिकारी बने थे। तभी यह कयास लगाया जा रहा था कि उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदार दी जा सकती है हुआ भी वही। इधर पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन पायल का कार्यकाल भी लगभग पूरा हो चुका था। तीन साल के कार्यकाल के बाद उनका हटना तय था। श्री पायल को पार्टी संविधान के निश्चित नियमानुसार प्रदेश कार्यसमिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। दीपक टंडन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिले के संयोजक के साथ राष्ट्रीय कार्यकारणी तथा प्रदेश के कोषाध्यक्ष भी रह चुके हैं। संघ की पृष्ठभूति से आने वाले श्री टंडन ने कई दायित्वों की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इधर राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि नगर निगम में भाजपा की निर्दलीय प्रत्याशी से पराजय के बाद से ही यह कयास लगने लगे थे हार की जिम्मेदारी में जिला संगठन की भूमिका को ही प्रमुख माना जाएगा। अंततः वही हुआ भी।

### संगठन को सुद्रढ़ बनाने में जुटेंगे-दीपक

जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद यशभारत से बात करते हुए नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने कहा कि पार्टी में दायित्व बदलते रहते हैं। साधारण कार्यकर्ता को बड़े से बड़ा मुकाम हासिल होता है। जहां परिवार वाद को कोई जगह नहीं। नवीन दायित्व के लिए दीपक ने प्रदेश अध्यक्ष व्ही डी शर्मा का आभार जताते हुए सभी कार्यकर्तों के साथ मिल कर संगठन को और अधिक मजबूती देने के कार्य में जुटने का भरोसा दिलाया।

### मिलकर करेंगे काम-पायल

दीपक की नियुक्ति के बाद पूर्व जिला अध्यक्ष रामरतन पायल ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा संगठन में दायित्व परिवर्तन होता रहता है। हम सभी संगठन गढ़े चलो के सिद्धांत पर चलने वाले कार्यकर्ता हैं। सहमति से हमारे लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा ने जिलाध्यक्ष पर पर नई नियुक्ति की हम सभी नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में जुटेंगे। स्वयं को प्रदेश कार्यसमिति में नियुक्ति पर श्री पायल ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# सड़क किनारे खड़े होकर दशहरा देख रहे प्रौढ़ को बाइक ने मारी टक्कर

## अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**कटनी, यशभारत।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम पड़रभटा में सड़क किनारे खड़े होकर दशहरा का जुलूस देख रहे प्रौढ़ को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे दुर्घटना में घायल हुए प्रौढ़ की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रभटा निवासी 50 वर्षीय बराती लाल चौधरी पिता सदाली चौधरी बुधवार की रात को गांव में दशहरा देखने गया था। बरातीलाल सड़क किनारे खड़े होकर जुलूस देख रहा था, उसी दौरान एक बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसके सिर में गंभीर चोट आई, जिसे परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान प्रौढ़ की मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# दशहरा देखकर लौट रहे बाइक सवार युवक हुए हादसे का शिकार

**एक की मौत, दो घायल**

कटनी, यशभारत। स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत मुख्य मार्ग में दशहरा पर्व देखकर लौट रहे मोटरसायकल सवार तीन युवक दुर्घटना का शिकार हो गए। दुर्घटना में जहां एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दो घायल हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम देवरीभार निवासी 40 वर्षीय रंजीत सिंह पिता अजय सिंह अपने साथी भरत व जयहिन्द के साथ बुधवार को दशहरा देखने मोटरसायकल से गया था। रात को तीनों जब मोटरसायकल से दशहरा देखकर वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में एक अन्य बाइक से उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में तीनों को चोट आई, जिन्हें आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां रंजीत की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवकों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने शव परीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रेलकर्मी ने छलांग लगाकर बचाई ट्रेन के सामने आए यात्री की जान

**कटनी, यशभारत।** शहर के मुड़वारा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक एक में आ रही अहमदाबाद साप्ताहिक ट्रेन के सामने अचानक यात्री आ गया। पटरी पार करते यात्री का ध्यान कहीं और था, उसकी जान खतरे में देख रेलवे कर्मचारी टेक्नीशियन वीरेंद्र कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बगैर छलांग लगाकर यात्री को धक्का दिया और दूसरी ओर ले गए। दोनों लाइन से बाहर हो गए, इसी बीच ट्रेन भी रुक गई।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

घटना सप्ताह भर पुरानी बताई जा रही है, जिसके सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोग शेयर कर रहे हैं। स्टेशन प्रबंधक संजय दुबे ने बताया कि वीडियो लगभग एक सप्ताह पुराना है।

यह वीडियो ट्रैक पर लगे कैमरे में रिकॉर्ड हुआ है लेकिन घटना से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई थी। किस यात्री के साथ यह घटना घटित हुई है, इसका पता लगाया जा रहा है।

## विजयराघवगढ़ व बरही में तीन परिवारों को जीवन भर का जख्म दे गया दशहरा पर्व

# खेत के गडढे में नहा रहे दो बच्चों की डूबने से मौत

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान युवक खदान में डूबा

**कटनी, यशभारत।** दशहरा पर्व के दौरान लापरवाही तीन परिवारों के लिए बड़ा जख्म दे गई। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रजरवारा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान खदान में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं बरही थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदीकला में खेत के गडढ़े में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी विजयसिंह बघेल ने बताया कि बुधवार देर रात कैमोर थाना क्षेत्र के ग्राम मेहगांव निवासी 21 वर्षीय अमन पिता लोली कोल मूर्ति विसर्जन करने गया था। प्रतिमा विसर्जन के बाद जब अमन काफी देर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और इसकी सूचना डॉयल 100 को जानकारी दी। गांव में तलाशने के बाद जब अमन नहीं मिला तो परिजन व गांव के लोग उसकी तलाश में खदान पहुंचे। खदान असुरक्षित होने व रात होने के कारण उसकी तलाश सुबह की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि अमन के कपड़े खदान के बाहर रखे हुए थे। इससे डूबने की आशंका पर एसडीआरएफ की टीम ने गुरुवार सुबह खदान में तलाश की। एक घंटे की मशक्कत के बाद अमन का शव खदान से बाहर निकाला गया। बताया जाता है कि लाइम स्टोन निकालने के लिए यह खदान खोदी गई थी। जिसे पूरा नहीं गया और इसी में डूबने से अमन की मौत हुई।



वहीं बरही थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदीकला गांव में गुरुवार सुबह खेत में बने गड्ढे में नहाने गए दो बालकों की मौत हो गई। बरही थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि करौंदीकला निवासी गेंदालाल विश्वकर्मा के खेत में एक बड़ा गड्ढा है, जिसमें बारिश का पानी भरा है। गुरुवार सुबह गांव के ही कुछ बच्चे नहाने गए थे। नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से 15 वर्षीय तिलक राज पिता मुन्ना सिंह और 7 वर्षीय मोहित पिता वीरेन्द्र सिंह डूब गए। गहरे पानी में डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई। दूसरे बच्चों ने ही हादसे की जानकारी दी। ग्रामीणों ने दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।





### मछली पकड़ने गए थे गांव के बच्चे

ऊधर ग्रामीणों ने बताया की कुदराहार स्थित खेत में बने विशाल गड्ढे में 7 वर्षीय मोहित पिता वीरेंद्र गौड़, 15 वर्षीय तिलकराज पिता मुन्ना गौड़ अपने हमउम्र साथियों के साथ मछनी पकड़ने के इरादे से गए थे। इसी दौरान सभी बच्चे गडढे के गहरे पानी में नहाने लगे। जिसकी वजह से यह घटना हुई।

# पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने लगाई फांसी

**कटनी, यशभारत।** कोतवाली के शास्त्री कॉलोनी क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक के द्धारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शास्त्री कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय पंकज पिता बद्री पांडेय का घर में ही कुछ विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते मंगलवार व बुधवार की रात को पंकज ने घर में चादर फाड़कर उसका फंदा फांसी पर झूल गया। परिजनों ने उसे फंदे पर लटका पाया और नीचे उतारते हुए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।






SHRI HOSPITAL KATNI
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें: श्री हॉस्पिटल एम०एम० चौबे वार्ड बरगवां कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

**प्लाट बेचना है**
दुबे कालोनी, जागृति कालोनी एवं पीयूष स्कूल के पास में बहुत ही किफायती दामों में प्लाट बेचना है।
संपर्क धर्मेंद्र तिवारी मो.
9827340910

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें
**कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी**
कलेक्ट्रेट परिसर, कटनी म.प्र. 483501 | Phone. 07622-220175, 2227680
क्रमांक/ज़शि.के./आकादमिक/22-23-1578 | कटनी, दिनांक 01.10.2022
**निविदि आमंत्रण सूचना**
संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपला का पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल का क्र. / राशिके/मुद्रण/2022-23/5525/भोपाल दिनांक 22.09.2022 के अनुसार अर्धवार्षिक एवं वार्षिक मूल्यांकन संबंधित सामग्री के मुद्रण हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मों से दरें दिनांक 14.10.2022 तक आमंत्रित की जा रही है। दिनांक 12.10.2022 तक निविदा प्रारूप एवं शर्तें 500 रूपये का डी.डी. कलेक्टर एवं मिशन संचालक के नाम से जमा कर कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ अमानत राशि 10000.00 कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक के नाम से बैंक ड्राफ्ट जमा किया जाना आवश्यक होगा किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक का निर्णय अंतिम एवं सर्वोपरी होगा।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)
जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र, कटनी

कटनी की प्रथम अत्याधुनिक
32-96 स्लाइस की मशीन
**एडवांस्ड**
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.

सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ**
मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- जॉकी शोरूम के पास में कटनी-जबलपुर रोड, बरगवां, मो. 9425153498, 7067666668

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)